# महाविद्यालय आख्या सत्र–2023–24

## समाज कल्याण के लिए आयुष्मान भारत योजना की उपयोगिता पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित

दिनांक–13.072023

राजकीय महाविद्यालय आवास विकास बदायूं में समाजशास्त्र विभाग के तत्वावधान में समाज कल्याण के लिए आयुष्मान भारत योजना की उपयोगिता विषय पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। अतिथि वक्ता के रूप में महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय बिल्सी के प्राचार्य डॉ पंकज कुमार सिंह ने आयुष्मान भारत योजना को समाज कल्याण और गरीबों के उत्थान की दिशा में अति सार्थक पहल बताया। डॉ पंकज ने कहा कि बीमारियों के कारण गरीब व्यक्ति इलाज के अभाव में अपनी कार्यक्षमता खो देता है। मौत के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति हो जाती है। महंगे इलाज से गरीब और भी गरीब हो जाता है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत राष्ट्रीय स्तर की स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है जो 10 करोड़ गरीब परिवारों के लगभग 50 करोड़ नागरिकों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रही है। इसमें प्रत्येक परिवार के लिये, प्रति वर्ष 5 लाख रुपये के कैशलेस इलाज की व्यवस्था की गई है जो समाज कल्याण के लिए ऐतिहासिक अनूठी पहल है।

विभागाध्यक्ष डॉ बबिता यादव ने बताया कि यह योजना गर्भावस्था,जच्चा बच्चा स्वास्थ्य सुरक्षा,बाल स्वास्थ्य,जीर्ण संक्रामक रोग,गैर संक्रामक रोग

मानसिक बीमारी,दांतों की देखभाल, बुजुर्ग की आपातकालीन चिकित्सा आदि के द्वारा धन के अभाव में अपना और अपनो के जीवन को खो देने के कारण होने वाली आर्थिक क्षति को रोक कर समाज का उत्थान करने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ सतीश सिंह यादव ने किया।

इस अवसर पर डॉ राकेश कुमार जायसवाल, डॉ राजधारी यादव, डॉ दिलीप वर्मा,डॉ हुकूम सिंह, डॉ सरिता यादव, डॉ सचिन कुमार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



# राजकीय महाविद्यालय में पौधारोपण सप्ताह का शुभारंभ

दिनांक 14.07.2023

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में वन महोत्सव के अंतर्गत वृक्षारोपण सप्ताह का शुभारंभ प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने किया। पौधारोपण सप्ताह के प्रथम दिन वनस्पति विज्ञान के 148 छात्र छात्राओं को गांव-गांव में जाकर पौधारोपण करने हेतु शपथ दिला कर पौधे सौपें गए। पौधारोपण अभियान की संयोजक डॉ सरिता ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी पढ़ते हैं, जो पूरे एक सप्ताह महाविद्यालय से पौधे लेकर अपने अपने गांव में जाकर पौधारोपण करेंगे तथा ग्रामवासियों को तथा पौधों के संरक्षण की शपथ दिलाएंगे। डॉ सरिता ने बताया कि पौधारोपण अभियान में राजकीय महाविद्यालय ने 1000 पौधा लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थियों को गांव गांव में पौधारोपण के लिए रवाना करते हुए प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण संतुलन चिंता का सबसे बड़ा विषय है जिसके लिए विशेष रूप से छात्र शक्ति को आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य में वनस्पति विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना एवम एनसीसी के कैडेट्स अहम भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर डॉ हुकुम सिंह, डॉ सारिका शर्मा, डॉ पवन शर्मा, डॉ राजधारी यादव, डॉ दिलीप वर्मा, डॉ ज्योति विश्नोई, डॉ गौरव सिंह, आदि उपस्थित रहे।



**<u>पौधारोपण सप्ताह के दूसरे दिन एनसीसी कैडेट्स को पौधे भेंट कर रोपित करने की शपथ दिलाई</u>**

दिनांक 15.07.2023

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में वन महोत्सव के अंतर्गत चल रहे पौधारोपण सप्ताह के दूसरे दिन श्री कृष्ण इंटर कॉलेज के सभी एनसीसी कैडेट्स को आमंत्रित कर विभिन्न प्रजातियों के पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उन पौधों को सुरक्षित स्थानों पर रोपित कर संरक्षित करने की शपथ दिलाई गई।

प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता, एसएसएस के नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ बबिता यादव एवं पौधारोपण अभियान की संयोजक डॉ सरिता यादव ने प्रत्येक कैडेट्स को पांच पौधे भेंट किए और उन्हें पौधारोपण के बाद सेल्फी लेकर प्रेषित करने के लिए प्रेरित किया। एनसीसी कैडेट्स की टोली को विदा करते हुए डॉ श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित राष्ट्रीय कैडेट्स कोर सावन के महीने में माता वसुंधरा का हरित श्रृंगार करने के लिए संकल्प लेकर निरंतर सक्रिय रहे।

राजकीय महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने एस के इन्टर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स का तिलक लगाकर स्वागत किया। एनसीसी कैडेट्स ने विश्वास दिलाया कि सभी पौधे वृक्ष का आकार लेकर पल्लवित पुष्पित होगें।

इस अवसर पर डॉ सतीश सिंह यादव, डॉ हुकूम सिंह,डॉ प्रेमचंद चौधरी, डॉ संजय कुमार, डॉ गौरव कुमार, संजीव शाक्य, प्रमोद शर्मा,पारुल तोमर, रूपल मान, प्रदीप शाक्य, एकता सक्सेना,बलराम यादव, दीक्षा सक्सेना, आरती यादव,विपिन कुमार, अजय प्रताप सागर आदि ने सहयोग प्रदान किया।



## राजकीय महाविद्यालय में पौधारोपण सप्ताह के तीसरे दिन एनएसएस वाटिका में औषधीय पौधे लगाए गए

दिनांक 16.07.2023

**पौधारोपण सप्ताह के तीसरे दिन एनएसएस वाटिका में हुआ पौधरोपण***

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूँ में वन महोत्सव के अन्तर्गत चलाए जा रहे पौधारोपण सप्ताह के तीसरे दिन एनएसएस वाटिका में औषधीय पौधों का रोपण कर उसकी सुरक्षा के लिए संकल्प लिया गया। पौधारोपण सप्ताह की संयोजक डॉ सरिता यादव के निर्देशन में एनएसएस के स्वयंसेवियों ने बेल, सहजन,नीम, अपराजिता,अमृता,शमी, शहतूत आदि विभिन्न प्रजातियों के औषधीय पौधों का रोपण किया गया।

डॉ सरिता यादव ने औषधीय पौधों से आरोग्य प्राप्त करने के तरीकों से सभी को परिचित कराया तथा पौधों की समुचित देखभाल, संरक्षण और संवर्धन के लिए अपनाए जाने वाले वैज्ञानिक तरीकों से अवगत कराया।

पौधारोपण कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता, एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमारजायसवाल,कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव, डॉ बबिता यादव, डॉ हुकूम सिंह, डॉ सचिन राघव, डॉ गौरव कुमार,डॉ संजय कुमार, डॉ सारिका शर्मा आदि ने विशेष सहयोग प्रदान किया।



## पौधारोपण सप्ताह के चौथे दिन एनएसएस के स्वयंसेवियों को पौधे वितरित कर गांव गांव रवाना किया गया

दिनांक 17.07.2023

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूँ में वन महोत्सव के अन्तर्गत चल रहे पौधारोपण सप्ताह के चौथे दिन एनएसएस प्रथम इकाई के स्वयंसेवियों को फलदार पौधे वितरित कर गांव गांव में रोपित करने के लिए रवाना किया गया।

स्वयंसेवियों ने ट्यूबेल के समीप खाली भूमि पर अमरूद के पौधे रोप कर उस क्षेत्र को अमरूद वाटिका के रूप में विकसित करने का संकल्प भी लिया।

प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता, एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव, डॉ बबिता यादव एवम डॉ संजीव राठौर के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने ट्यूबेल क्षेत्र के भूमिखंड में वाटिका बनाने के लिए झाड़ झंखाड़ को काट कर साफ किया और अमरूद के पौधे रोपित किए । डॉ श्रद्धा गुप्ता ने प्रत्येक पौधों के संरक्षण के लिए एनएसएस के स्वयंसेवकों को पौधमित्र बनाया तथा उनके सम्पूर्ण देखभाल की शपथ दिलाई। पौधारोपण अभियान की संयोजक डॉ सरिता यादव ने श्रमदान करने वाले सभी पर्यावरण प्रेमियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

इस अवसर पर डॉ संजय कुमार,डॉ गौरव सिंह, डॉ हुकूम सिंह,विपिन कुमार प्रिंस सक्सेना योगेंद्र सागर सूरज चौहान बलराम यादव एकता सक्सेना तृप्ति सिंह दीक्षा सक्सेना आदि ने विशेष सहयोग प्रदान किया।



## पौधारोपण सप्ताह के पाँचवें दिन जन्तु विज्ञान के विद्यार्थियों ने किया पौधों का रोपण

दिनांक 18.07.2023

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूँ में वन महोत्सव के अन्तर्गत चलाए जा रहे पौधारोपण सप्ताह के पाँचवें दिन संयोजक डॉ सरिता यादव के निर्देशन में जन्तु विज्ञान के छात्र छात्राओं ने बॉटनी गार्डन में अकेशिया, गुलमोहर,आंवला, बेल कनकचम्पा आदि पौधे रोप कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। डॉ सरिता यादव ने कहा कि जन्तु और वनस्पति का संयुक्त नाम जीव है। दोनों एक दूसरे पर आश्रित हैं। पौधों के बिना मानव जीवन असंभव है।

प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता, जन्तु विज्ञान के प्रभारी डॉ गौरव कुमार सिंह, पर्यावरण क्लब के प्रभारी डॉ पवन शर्मा, डॉ हुकूम सिंह, डॉ संजय कुमार,डॉ सचिन राघव, डॉ प्रेमचंद चौधरी, डॉ सारिका शर्मा आदि ने रोपित पौधों को गोद लेकर पौधमित्र बनना स्वीकार किया तथा उसके सम्पूर्ण देखभाल की जिम्मेदारी का संकल्प लिया।

इस अवसर पर डॉ अंशु सत्यार्थी, प्रमोद शर्मा, संजीव शाक्य, मानसी वर्मा, मालती राणा, तृप्ति सिंह, शिवांगी गौतम,दामिनी, भगवान सिंह राजपूत, अंकित मौर्या, ऋषभ,गौरव पाली, आदि ने सहयोग प्रदान किया।



## पौधारोपण सप्ताह के छठे दिन एनसीसी कैडेट्स ने किया फलदार वृक्षों का रोपण

दिनांक 19.07.2023

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूँ में वन महोत्सव के अन्तर्गत चलाए जा रहे पौधारोपण सप्ताह के छठे दिन एनसीसी कैडेट्स ने अपने प्रशिक्षण स्थल पर पौधे रोप कर सुरक्षा का संकल्प लिया।

महाविद्यालय की एवम एनसीसी की कमांडर डॉ श्रद्धा गुप्ता ने कैडेट्स का आह्वान किया कि पर्यावरण सन्तुलन के लिए पौधों के रोपण के साथ उनकी पूर्ण सुरक्षा के दायित्व का निर्वहन कर राष्ट्र की सेवा करें। डॉ गुप्ता ने एनसीसी कैडेट्स को पौधमित्र बनाया तथा अपने अपने पौधे की देखभाल करने की शपथ दिलाई ।

वन महोत्सव की संयोजक डॉ सरिता यादव ने सभी कैडेट्स के प्रति आभार ज्ञापित किया।

पौधारोपण कार्यक्रम में डॉ अंशु सत्यार्थी, डॉ संजीव राठौर , डॉ दिलीप वर्मा, डॉ पीके शर्मा,डॉ गौरव सिंह, प्रिया,पायल, प्रदीप आदि ने विशेष सहयोग प्रदान किया।



# वट वृक्ष का रोपण कर वन महोत्सव सप्ताह का हुआ समापन

दिनांक 20.07.2023

आवास विकास स्थिति राजकीय महाविद्यालय बदायूं में चलाए जा रहे वन महोत्सव पौधारोपण सप्ताह के सातवें दिन वट वृक्ष एवम महाऔषधि के रूप में प्रमाणित सहजन कि पौधों का रोपण कर पौधरोपण सप्ताह का समापन किया गया। वार्षिक परीक्षा के अंतिम दिन स्नातक अन्तिम वर्ष के परीक्षार्थियों एवम वाह्य कक्ष निरीक्षकों को पौधे भेंट कर विदा किया गया।

प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने समापन के अवसर पर एनएसएस स्वयसेविओं एवम बी ए अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को अपने आवास क्षेत्र में पौधारोपण करने के लिए पौधे भी वितरित कर कहा कि महाविद्यालय से आज आपकी विदाई का दिन है आप सभी इस महाविद्यालय की स्मृतियां पौधों के रूप में ले जाकर जीवंत बनाए रखें। इन पौधों के साथ इस महाविद्यालय की स्मृतियां जुड़ी रहे इसके लिए आप सभी इन पौधों की समुचित देखभाल करते रहें। डॉ संजय कुमार ने कहा कि वट वृक्ष में त्रिदेव का निवास स्थान है इसका पूजन करने से समस्त दुख दूर होते हैं।

एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल, डॉ सतीश सिंह यादव, डॉ बबिता यादव, डॉ हुकूम सिंह,डॉ संजय कुमार, डॉ लावण्या, चंद्रा गंगवार, निक्की मिश्रा, सृष्टि मिश्रा, अर्चना मिश्रा, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, राधेश्याम, मेघा खन्ना, नीरज कुमारी, अंकिता गुप्ता, राजेश कुमार आदि ने एनएसएस पार्क में पौधों का रोपण किया। जन्तु विज्ञान के प्रभारी डॉ गौरव सिंह ने सहजन का विविध रोगों में होने वाले उपयोग पर प्रकाश डाला तथा उसमें पाए जाने वाले मिनरल्स,विटामिन व अन्य रोग प्रतिरोधक तत्वों के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर डॉ सचिन राघव, डॉ दिलीप कुमार वर्मा,डॉ प्रेमचंद, डॉ ज्योति विश्नोई आदि ने सहयोग प्रदान किया।



# <u>राजकीय महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर सम्मानित हुए योद्धा</u>

दिनांक 26.07.2023

**एनसीसी द्वारा कारगिल योद्धा सम्मान समारोह अयोजित कर मनाया गया कारगिल विजय दिवस***

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में राष्ट्रीय कैडेट कोर 21 वीं बटालियन बरेली के तत्वावधान में कारगिल योद्धा अभिनंदन समारोह के रूप में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि 26/11 की घटना में गोलियां लगने के बाद भी 187 लोगों को बचाने वाले एवम योग विद्या के बल पर स्वस्थ जीवन जीते हुए विभिन्न साहसिक गतिविधियों में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले शौर्य चक्र विजेता आयरन मैन प्रवीण तेवतिया ने एनसीसी कैडेट्स एवं सभी छात्र–छात्राओं को अपने प्रेरक वक्तव्य के द्वारा उज्जवल भविष्य हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता एवं संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया।

प्रवीण तेवतिया ने विभिन्न नए नए प्रकार के योग का प्रशिक्षण भी दिया।

कारगिल योद्धा राजपाल सिंह ने युद्ध के समय के संस्मरण को सुनाते हुए बताया कि किस प्रकार मानव जीवन के प्रतिकूल जटिल परिस्थितियों में भी पाकिस्तानी घुसपैठियों से कारगिल की चोटियों को मुक्त करा कर तिरंगा फहराया गया था। मुख्य अतिथि तेवतिया एवम कारगिल योद्धा राजपाल सिंह सहित सूबेदार रघुवीर शरण, सूबेदार नंदकिशोर एवं योग प्रशिक्षक गिरधारी सिंह राठौर को पर्यावरण संरक्षण अभियान की संयोजक डॉ सरिता यादव ने पौधा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

इस अवसर पर डॉ बबीता यादव, डॉ हुकुम सिंह, डॉ सतीश सिंह यादव, डॉ नीरज कुमार, कु छाया, आर्यन गुप्ता,सोनल राठौर, प्रदीप शाक्य, शिखा, निखिल चौहान, साक्षी, निफा बी, मुस्कान गुप्ता, सुहानी गुप्ता आदि उपस्थित थे।



## अगस्त क्रान्ति दिवस पर एनसीसी द्वारा निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

दिनांक 08.08.2023

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में एनसीसी के द्वारा अगस्त क्रान्ति दिवस के अवसर भारत छोड़ो आन्दोलन के अमर सेनानीयों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

एनसीसी 21 वीं बटालियन बरेली के निर्देशन में अंग्रेजों भारत छोड़ो आन्दोलन विषय पर पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में सोनल राठौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

पोस्टर में दूसरा स्थान शिव कुमार तथा तीसरा स्थान नीलम प्रजापति ने प्राप्त किया। निबंध में आकांक्षा ने द्वितीय एवं सत्यम यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका डॉ राकेश कुमार जायसवाल एवम डॉ नीरज कुमार ने निभाई।

विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य एवम एनसीसी की प्रभारी डॉ श्रद्धा गुप्ता ने पुरस्कृत कर प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार शर्मा, रूपल मान, शिवम, अनूप,पायल आदि उपस्थित थे।



# हर घर तिरंगा अभियान के लिए राजकीय महाविद्यालय ने प्रशासन को राष्ट्रीय ध्वज भेंट किया

दिनांक 12.08.2023

स्वतंत्रता दिवस तक चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश एवम हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए राजकीय महाविद्यालय आवास विकास के शिक्षकों ने प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता एवम एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल के नेतृत्व में विकास भवन जाकर जिला प्रशासन को 500 तिरंगा भेंट किया गया। वहीं महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय बिल्सी के प्राचार्य डॉ पंकज कुमार सिंह ने भी 300 राष्ट्रीय ध्वज भेंट किया।

जिला प्रशासन ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जनपद के प्रत्येक घरों पर तिरंगा फहराया जाना सुनिश्चित किया है। जिसके लिए सभी सरकारी विभागों को राष्ट्रीय ध्वज की व्यवस्था करने का लक्ष्य दिया गया है। इसी क्रम में उच्च शिक्षा विभाग को 15 हजार राष्ट्रीय ध्वज के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष आज राजकीय महाविद्यालय ने विकास भवन में स्थापित ध्वज संग्रह केन्द्र में जिला विकास अधिकारी श्वेतांक पांडेय को कुल 800 ध्वज सौंपा। जिला विकास अधिकारी श्वेतांक पाण्डेय ने सभी शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा से समाज और राष्ट्र सशक्त होता है जिसमें शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। प्राचार्य डॉक्टर श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर घर तिरंगा अभियान में उच्च शिक्षा का योगदान सुनिश्चित करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने जिला प्रशासन को अवगत कराया कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए जन जागरण हेतु प्रदेश के समस्त राजकीय महाविद्यालय दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि राष्ट्रीय एवम सामाजिक सरोकार से जुड़े विषयों पर जन जागरुकता उत्पन्न करने के लिए चलाए जाने वाले समस्त अभियान में राजकीय महाविद्यालय के शिक्षक एवम छात्र छात्रा पूर्व की भांति अपनी सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे।

इस अवसर पर डॉ अंशु सत्यार्थी, डॉ सतीश सिंह यादव, डॉ संजीव राठौर, डॉ नीरज कुमार, डॉ सरिता यादव, डॉ सचिन कुमार, गौरव पाली आदि उपस्थित थे।



# <u>एनएसएस के द्वारा विभाजन विभीषिका दिवस का आयोजन</u>

दिनांक 14.08.2023

राजकीय महाविद्यालय बदायूं में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर गोष्ठी और श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभाजन की विभीषिका को याद करते हुए उस त्रासदी में मारे गए निर्दोष लोगों को मोमबत्ती जलाकर व मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं द्वारा देश के विभाजन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए वीभत्स घटना को जन्म देने वाली परिस्थितियों पर चर्चा की गई और जिम्मेदार तत्वों की कठोर निन्दा की गई।

प्राचार्य डॉक्टर श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि आजादी का जश्न अभी क्षितिज तक भी न चढ़ सका था कि मुल्क के दो फाड़ होने का बिगुल बज गया और सांप्रदायिक सद्भाव तार-तार हो गया। जिसके कारण दोनों तरफ की धरती बेकसूर आवाम के खून से लाल हो गई। दस लाख से अधिक लोग मारे गए और दो करोड़ बेघर हुए। एसएसएस के नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि न पहले और न ही बाद में, इतना बड़ा खून-खराबा और बर्बरता दुनिया में कहीं देखी गई । कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव ने कहा कि जिन्ना का द्विराष्ट्रवाद और अंग्रेजों की कुटिल नीति के कारण स्वतंत्रता के पूर्व की त्रासदी भारतीय जनमानस को गहरा घाव दे गई जो आज भी नासूर बना है। डॉ संजीव राठौर ने कहा कि कुछ स्वार्थी राजनीतिज्ञों द्वारा बँटवारे का एक खूनी वटवृक्ष तैयार किया और जिसकी तपिश आज भी ठंडी नहीं हो पाई है।

गोष्ठी को डॉ अनिल कुमार, डॉ अंशू सत्यार्थी, डॉ बबिता यादव, डॉ हुकूम सिंह, डॉ सारिका शर्मा, डॉ दिलीप वर्मा, डॉ सचिन राघव आदि ने संबोधित किया।



# <u>राजकीय महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया</u>

दिनांक 15.08.2023

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में स्वतंत्रता दिवस की 76 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रगान के बाद एनसीसी कैडेट्स ने फ्लैग मार्च करते हुए ध्वज को सैल्यूट किया। डॉ सतीश सिंह यादव ने उच्च शिक्षा निदेशक का सन्देश पढ़ कर सुनाया।

सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अर्पित कुमार, बलराम यादव एवम अस्मिता सागर के राष्ट्रभक्ति गीत सराहे गए। अर्जुन सिंह, अनूप कुमार यादव, सगुन शर्मा, अंकित बाबू , इशराक अहमद आदि ने ओजस्वी भाषण दिया। प्रिया, सोनल राठौर, कोमल श्रीवास्तव आदि की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी सराही गईं।

डॉ संजय कुमार ने अपने भाषण में इतिहास के अनछुए पन्नों को पलटा तथा बताया कि आज़ादी के आदर्श और मूल्यों को कैसे प्राप्त किया जा सकता है।डॉ हुकूम सिंह, डॉ राकेश कुमार जायसवाल, डॉ दिलीप वर्मा, डॉ ज्योति विश्नोई, डॉ गौरव सिंह आदि ने अपने विचारों से राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने की अपील की।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने छात्र-छात्राओं से अपेक्षा की कि वे अनुशासन में रहते हुए महाविद्यालय के शैक्षिक वातावरण को बनाए रखने में सहयोग करें तो यह भी एक सच्ची राष्ट्र की सेवा होगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया। मिष्ठान वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हो गया।

इस अवसर पर डॉ बबिता यादव, डॉ संजीव राठौर, डॉ सारिका शर्मा, डॉ सरिता यादव, डॉ ज्योति विश्नोई, डॉ सचिन राघव , संजीव शाक्य, प्रमोद कुमार शर्मा, प्रिन्स सक्सेना, भगवान सिंह राजपूत, राजा शर्मा, विपिन कुमार, अनुज प्रताप सिंह, साक्षी,स्नेहा तोमर, गौरव पाली आदि कुल 286 लोग उपस्थित रहे।



# राजकीय महाविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

दिनांक 21.08.2023

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय,बदायूं में स्थापित जिला रोज़गार सृजन केन्द्र एवम कैरियर काउंसलिंग व रोज़गार प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में स्वावलंबी भारत अभियान के अन्तर्गत विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने छात्र छात्राओं को सफल उद्यमी बनने के लिये प्रेरित किया। स्वावलंबी भारत के लिए नवाचार व स्टार्टअप के सफल क्रियान्वयन हेतु आयोजित इस कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय सहसवान की हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ शुभ्रा माहेश्वरी ने दीप प्रज्वलित कर किया ।

मुख्य अतिथि ने कहा कि उद्यमिता तब होती है जब एक व्यक्ति अपने नए नए विचारों के द्वारा नए उत्पाद या सेवा के साथ मौजूदा बाजार में स्थापित होने का पुरजोर प्रयास करता है। जिला रोज़गार सृजन केन्द्र के संयोजक डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि युवा जब दीर्घकालिक लक्ष्य को निर्धारित कर नया स्टार्टअप शुरू करता है तो असीमित सफलता मिलने की प्रबल संभावना होती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने तथा संचालन कैरियर काउंसलिंग एवम रोज़गार प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ संजीव राठौर ने किया। डॉ प्रेमचंद चौधरी ने आभार व्यक्त किया।

गोष्ठी को संघटक राजकीय महाविद्यालय सहसवान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सूर्य प्रताप गौतम, डॉ शुभ्रा शुक्ला, डॉ नीति सक्सेना, डॉ रजनी गुप्ता आदि ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर डॉ अंशु सत्यार्थी, डॉ अनिल कुमार, डॉ ज्योति बिश्नोई, डॉ संजय कुमार, डॉ सरिता यादव, डॉ सचिन राघव, डॉ गौरव कुमार सिंह, डॉ हुकुम सिंह, डॉ मिथिलेश कुमार, डॉ दिलीप वर्मा, संजीव शाक्य, प्रमोद शर्मा आदि उपस्थित थे।



# राजकीय महाविद्यालय बदायूं में एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

दिनांक 05.09.2023

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में इतिहास विभाग के तत्वावधान में "अनुसंधान पद्धति और वर्तमान शोध का स्वरूप" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ अंशु सत्यार्थी,मुख्य वक्ता डॉ विकास प्रधान, एवम विशिष्ट अतिथि डॉ पंकज सिंह यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला के संयोजक डॉ अनिल कुमार ने कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में लघुशोध की अनिवार्यता स्नातकोत्तर स्तर पर हो चुकी है।

विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित राजकीय महाविद्यालय बीसलपुर पीलीभीत के अर्थशास्त्र विभाग के डॉ विकास प्रधान ने छात्र–छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि शोध के क्षेत्र में अपने पूर्ण समर्पण के साथ विषय के चुनाव और उसके परिकल्पनाओं को विशेष रूप से आत्मसात कर गहन चिंतन मनन के साथ चुनाव करने की आवश्यकता है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रक्षपाल बहादुर टीचर्स ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर पंकज यादव ने शोध के विभिन्न चरणों और को सम्पन्न करने के लिए विभिन्न पद्धति के प्रयोग की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई।उन्होंने बताया की शोध सर्वे के आधार पर समस्याओं को इंटरनेट के माध्यम से या डाटा संग्रहित कर निकाला जा सकता है।

इस अवसर पर हिंदी विभाग द्वारा हिंदी विषय की पूर्व छात्रा कुमारी श्वेता सिंह को दो बार नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए सम्मानित किया गया । कार्यशाला ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों रूपों में संचालित रही। ऑनलाइन यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारित किया गया जिसमें विभिन्न प्रदेशों के लगभग 400 प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला हेतु अपना पंजीकरण कराया।

इस अवसर पर डॉ बबीता यादव, डॉ सतीश सिंह यादव, डॉ पवन कुमार शर्मा, डॉ राजधारी यादव, डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ सारिका शर्मा, डॉ ज्योति विश्नोई, डॉ मिथिलेश, डॉ सरिता यादव, डॉ हुकुम सिंह, डॉ गौरव कुमार, डॉ सचिन कुमार एवं विभिन्न विषयों के शोधार्थी उपस्थित रहे।



# राजकीय महाविद्यालय में ओजोन दिवस मनाया गया

दिनांक 16.09.2023

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के सहयोग से वन विभाग द्वारा ओजोन दिवस का आयोजन कर छात्र–छात्राओं को ओजोन परत की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने तथा संचालन एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया।

मुख्य वक्ता वन अधिकारी आकांक्षा गुप्ता ने छात्र छात्राओं को ओजोन परत के महत्व के बारे बताया तथा उसकी सुरक्षा के लिए जागरूक किया।

रेंजर अशोक कुमार ने कहा कि ओजोन परत पृथ्वी के वायुमंडल की एक परत है जो सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों को अवशोषित करती है। पराबैंगनी किरणें त्वचा कैंसर, मोतियाबिंद और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती हैं।

वनस्पति विज्ञान की प्रोफ़ेसर डॉ सरिता यादव ने कहा कि ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले मुख्य कारक क्लोरोफ्लोरोकार्बन एक प्रकार का गैस है जिनका उपयोग फ्रिज, एयर कंडीशनर और अन्य उपकरणों में किया जाता है। CFCs ओजोन परत को नष्ट कर देते हैं, जिससे पृथ्वी पर जीवन के लिए खतरा पैदा हो सकता है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि हम लोगों को CFC-मुक्त उत्पादों का उपयोग करना चाहिए जो ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले मुख्य कारकों में से हैं। उन्होंने ऊर्जा की बचत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ बबिता यादव ने प्लास्टिक कचरे को कम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरे का निस्तारण अक्सर ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों को उत्पन्न करता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि

इस अवसर पर डॉ सारिका शर्मा,डॉ सचिन राघव, डॉ गौरव सिंह, डॉ राजधारी यादव, डॉ संजय कुमार, डॉ दिलीप वर्मा, डॉ ज्योति बिश्नोई, अनूप सिंह यादव, अनुज प्रताप, प्रशान्त कुमार,आदि ने विचार व्यक्त किए।



# पर्यटन दिवस पर पर्यटन स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ दिलाई गई

दिनांक 27.09.2023

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में एनसीसी के द्वारा चलाए जा रहे "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत विश्व पर्यटन दिवस का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी के कैडेट्स के साथ ही एनएसएस के स्वयंसेवी भी सम्मिलित हुए।

विश्व पर्यटन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। सभी वॉलिंटियर्स को शपथ दिलाते हुए एनसीसी समिति के सदस्य एवम एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि विश्व पर्यटन के माध्यम से विश्व बंधुत्व को स्थापित किया जा सकता है। स्वच्छ पर्यटन स्थल से आर्थिक और सामाजिक विकास भी संभव है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए भारत में पहले से चिन्हित पर्यटन स्थलों के अतिरिक्त अन्य नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने की आवश्यकता है, जिनको स्वच्छ बनाए रखने की जिम्मेदारी देश के युवाओं की है। डॉ सतीश सिंह यादव ने कहा कि स्वच्छ पर्यटन स्थल विदेशी सैलानियों को आकर्षित करते हैं जिससे विदेशी मुद्रा के रूप में देश के राजस्व में वृद्धि होती है।

इस अवसर संजीव कुमार शाक्य, शिवम पाल, पायल जादौन, सोनल राठौड़, शिखा मिश्रा, आकांक्षा, आराध्या, अनन्या ,संध्या, रूबी, नेहा, हिना, आयुष, सत्यम, अंकित, कृष्णपाल, दीपक यादव, शिव कुमार, शिवम दिवाकर, संजीव, ज्ञानेंद्र, आशुतोश,सौरभ कुमार, सौरभ सिंह,अंशिका सोलंकी, आर्यन गुप्ता,शगुन शर्मा, मुस्कान, इसराक अहमद, प्रमोद साहू, राखी आदि उपस्थित रहे।



# एनसीसी ने किया अंतर्राष्ट्रीय खाद्य अपशिष्ट जागरुकता दिवस का आयोजन

दिनांक 29.09.2023

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में एनसीसी के द्वारा चलाए जा रहे "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय खाद्य अपशिष्ट जागरुकता दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसी के कैडेट्स के साथ एनएसएस के स्वयंसेवी भी सम्मिलित हुए।

खाद्य पदार्थ के अपव्यय और नुकसान के प्रति जनजागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को खाद्य पदार्थों के सद्पयोग करने की शपथ दिलाई गई। छात्र छात्राओं ने रैली निकालकर "उतना ही लें थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में" जैसे नारों से कालोनी निवासीयों को जागरुक किया।

वॉलिंटियर्स को शपथ दिलाते हुए एनसीसी प्रभारी एवम प्राचार्या डॉ श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि ने कहा कि पूरे विश्व में मनुष्य के भोज्य पदार्थ का 17% फसल उगाने से लेकर चूल्हे तक जाने के मध्य अपव्यय होता है। खेत खलिहान से होकर अनाज के गोदाम और फिर खुदरा दुकानों तक खाद्य पदार्थ बर्बाद होते हैं। उन्होंने कहा कि चिंता का विषय यह है कि पके हुए भोजन को भी फेंकने की संस्कृति आम जनता में विकसित हो गई है जिसे समाप्त करना हम सभी का कर्तव्य है। एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि थाली में भोजन छोड़ना स्टेटस सिंबल हो गया है। शादी विवाह और सार्वजनिक समारोह में सर्वाधिक भजन अवशिष्ट पदार्थ के रूप में फेक जाते हैं, जिसके पीछे फसल उगाने से लेकर रोटी पकाने तक खर्च हुए प्राकृतिक संसाधन का अपमान है।

इस अवसर संजीव कुमार शाक्य, बंटी सागर, राजा शर्मा, शिवम पाल, पायल जादौन, सोनल राठौड़, शिखा मिश्रा, आकांक्षा, आराध्या, अनन्या , संध्या, रूबी, नेहा, हिना, आयुष, सत्यम, अंकित, कृष्णपाल, दीपक यादव, शिव कुमार, शिवम दिवाकर, संजीव, ज्ञानेंद्र, आशुतोश, सौरभ कुमार, सौरभ सिंह,अंशिका सोलंकी, आर्यन गुप्ता, शगुन शर्मा, इसराक अहमद खान, प्रमोद साहू, राखी आदि उपस्थित रहे।



# एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकालकर स्वच्छता अभियान चलाया

दिनांक 01.10.2023

गांधी शास्त्री जयंती के एक दिन पूर्व एनसीसी कैडेट्स ने दोनों महापुरुषों को समर्पित स्वच्छता अभियान चला कर जनजागरण किया।

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में एनसीसी 21 वीं बटालियन के द्वारा चलाए जा रहे "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत आवास विकास कालोनी में जनजागरूकता रैली निकाल कर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

प्लास्टिक उन्मूलन तथा स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को प्लास्टिक की वस्तुओं का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई गई। छात्र छात्राओं ने रैली निकालकर " गांधी शास्त्री का है सन्देश, स्वच्छ बने भारत देश " जैसे नारों से कालोनी वासियों को जागरुक किया तथा कॉलोनी के सभी नुक्कड़ चौराहों को झाड़ू लगा कर साफ किया।

वॉलिंटियर्स को शपथ दिलाते हुए एनसीसी प्रभारी एवम प्राचार्या डॉ श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि मनुष्य का स्वस्थ रहना स्वच्छता पर निर्भर है। गंदगी के कारण ही बरसात के मौसम में विभिन्न प्रकार के बुखार और संचारी रोग विकराल रूप धारण कर चुका है। एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने कहा प्लास्टिक पर निर्भरता पर्यावरण असंतुलन के खतरे को बढ़ा रहा है। प्लास्टिक मुक्त जीवनचर्या को अपना कर स्वच्छ धरा बनाना हम सभी का कर्तव्य होना चाहिए।

इस अवसर संजीव कुमार शाक्य, शिवम पाल, पायल जादौन, सोनल राठौड़, प्रिया, आराध्या मिश्रा,अनन्या मिश्रा, आयुष प्रताप,सत्यम यादव, आशुतोष गौतम, कैलाश बघेल, शिवम दिवाकर, संजीव कुमार, सौरभ कुमार, सौरभ कुमार आदि सक्रिय ने भागीदारी की।



# राजकीय महाविद्यालय में गांधी शास्त्री की जयंती समारोह का अयोजन

दिनांक 02.10.2023

आवास विकास स्थित राजकीय  महाविद्यालय बदायूं में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी लाल एवम पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर पुष्पांजलि, श्रमदान कर स्वच्छता अभियान, विचार गोष्ठी एवम मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश में घर घर की माटी डाल कर देश की एकता और अखंडता की शपथ ली गई।

प्राचार्य  डॉ श्रद्धा गुप्ता द्वारा धवजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ। गांधी शास्त्री के  चित्र पर माल्यार्पण के बाद सभी शिक्षकों छात्र छात्राओं ने  पुष्प अर्पित किया। सभी ने जमीन पर बैठ कर सर्वधर्म समभाव की प्रार्थना सभा की। सनातन धर्म की ओर से डॉ अंशु सत्यार्थी ने वैष्णव जन तो तेने कहिये, जे पीर पराई जाणे रे को स्वर प्रदान किया। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ ज्योति बिश्नोई ने बाइबिल का पाठ किया। परास्नातक उर्दू की छात्रा गौसिया  अतहर ने कुरान के आयतें पढ़ कर सुनाया। डॉ बबीता यादव ने सिख धर्म एवं डॉ हुकुम सिंह ने बौद्ध धर्म की ईश वंदना प्रस्तुत की। भजन कार्यक्रम के अंत में  महात्मा गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा सामूहिक सस्वर गायन किया गया। समारोहक डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

इस अवसर पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए बदायूं की सांसद डॉ संघमित्रा ने महाविद्यालय परिसर में उपस्थित हो कर दिल्ली भेजे जाने वाले अमृत कलश में सभी छात्र छात्राओं और स्टाफ से मिट्टी प्राप्त किया और पंच प्रण की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में डॉ संजीव राठौर, डॉ दिलीप वर्मा, डॉ सचिन राघव, डॉ सारिका शर्मा, डॉ सरिता यादव, संजीव शाक्य,के साथ एनएसएस व एनसीसी के सभी वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे।



**मानविकी एवम साहित्य संकाय में प्रवेश लेने वालों के लिए विद्यारंभ अभिविन्यास आयोजित**

दिनांक 16.10.2023

राजकीय महाविद्यालय, आवास विकास, बदायूं में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के द्वारा सत्र 2023-24 में साहित्य एवम मानविकी से स्नातक एवम स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं हेतु विद्यारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्राचार्या ने कहा कि मानविकी और समाजिक विज्ञान का अध्ययन क्षेत्र समाजिक समस्याओं का अध्ययन कर शोध के माध्यम से मानव संसाधन को सशक्त कर समाज को उन्नति के शिखर पर ले जाने के निमित्त है। उन्होंने एनसीसी के लाभ तथा जुड़ने की चयन प्रक्रिया के विषय में भी जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए आइक्यूएसी संयोजक डॉ अनिल कुमार ने नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को इस कार्यक्रम के उद्देश्य से परिचित कराया।

डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता युवा महोत्सव, वार्षिकोत्सव व प्रतिभा अलंकरण समारोह, शिक्षक- अभिभावक संघ,पुरातन छात्र छात्रा परिषद के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए एनएसएस से जुड़ने के लाभ एवम चयन प्रक्रिया पर प्रकाश डाला।

डॉ संजीव राठौर ने महाविद्यालय में स्थापित जनपद की एक मात्र इग्नू अध्ययन केन्द्र की दूरस्थ शिक्षा की सुविधा एवम उसके पाठ्यक्रमों से होने वाले लाभ से परिचित कराया। डॉ बबिता यादव ने महिला प्रकोष्ठ, शशिप्रभा ने पुस्तकालय व वाचनालय तथा डॉ सारिका शर्मा ने छात्र-छात्रा के शिकायत निवारण हेतु महाविद्यालय द्वारा गठित प्रकोष्ठ के विषय में विस्तार से बताया।

डॉ नीरज कुमार ने महाविद्यालय में स्थित आर टी ओपन यूनिवर्सिटी के अध्ययन केन्द्र के पाठ्यकर्मों की जानकारी दी। उन्होंने रोवर्स- रेंजर्स के चयन की प्रक्रिया और शिविर के बारे में भी बताया। डॉ प्रेमचन्द चौधरी ने आभार ज्ञापित किया।

इस अवसर पर डॉ संजय कुमार, डॉ दिलीप कुमार वर्मा,डॉ राजधारी यादव डॉ मिथिलेश कुमार, डॉ सरिता, डॉ सचिन राघव, डॉ गौरव कुमार सिंह आदि ने छात्र -छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



**विद्यारंभ समारोह के दूसरे दिन बीकॉम एवम बीएससी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए अभिविन्यास सम्पन्न**

दिनांक 17.10.2023

राजकीय महाविद्यालय, आवास विकास, बदायूं में महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में चल रहे द्विदिवसीय विद्यारंभ समारोह के अन्तिम दिन सत्र 2023- 24 में बीकॉम एवम बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं के लिए ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संयोजक डॉ अनिल कुमार ने कॉलेज के अनुशासन संबंधी नियमों,एंटी रैगिंग प्रकोष्ठ आदि के विषय में बताया। प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने वर्तमान सत्र में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के पश्चात उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आए परिवर्तनों से नवीन छात्र छात्राओं को अवगत कराया तथा एनसीसी की चयन प्रक्रिया एवम कैरियर बनाने में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। श्रीमती शशी प्रभा ने पुस्तकालय,वाचनालय, ई बुक, ई लाइब्रेरी आदि की सुविधा के विषय मे जानकारी दी।

क्रीड़ा प्रभारी डॉ हुकुम सिंह ने क्रीड़ा समारोह एवम वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं की जानकारी दी। चीफ प्राक्टर डॉ अंशु सत्यार्थी ने अनुशासन, वार्षिक पत्रिका उन्मेष एवं एससी एसटी प्रकोष्ठ के विषय में जानकारी दी।

समारोहक डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने विभिन्न प्रकार के समारोह, वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता, युवा महोत्सव, शिक्षक- अभिभावक संघ, पुरातन छात्र परिषद एवम एनएसएस के सैद्धांतिक पहलुओं से परिचित कराते हुए उसकी कार्यपद्धति व चयन प्रक्रिया आदि के विषय में बताया।

इग्नू के कोर्डिनेटर डॉ संजीव राठौर द्वारा दुरस्थ शिक्षा की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इग्नू के पाठयक्रमों की जानकारी दी। डॉ सरिता यादव ने पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, जैव विविधता के क्षेत्र में जारी परियोजनाओं से परिचित कराया। डॉ सरिका शर्मा ने शिकायत निवारण की पद्धति से अवगत कराया। डॉ प्रेमचंद चौधरी ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर डॉ पवन कुमार शर्मा, डॉ राजधारी यादव, डॉ संजय कुमार,डॉ ज्योति विश्नोई, डॉ सचिन राघव,डॉ गौरव कुमार, डॉ मितिलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



**राजकीय महाविद्यालय में विधिक सेवा दिवस समारोह आयोजित** दिनांक 09.11.2023

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में एनएसएस, एनसीसी एवम रोवर्स रेंजर्स के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला एवम सत्र न्यायाधीश सारिका गोयल, विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार एवम प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने तथा संचालन एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया।

मुख्य अतिथि सारिका गोयल ने कहा कि सभी नागरिकों के लिये उचित और निष्पक्ष न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने तथा गरीबों और महिलाओं को निशुल्क न्याय हेतु जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है।

लीगल डिफेन्स काउंसलर कशिश सक्सेना ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस का प्रारम्भ सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1995 में समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिये की गई थी जो विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत समाज के कमजोर वर्गों को नि:शुल्क कानूनी सेवाएँ प्रदान करने के लिये और विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिये लोक अदालतों का आयोजन करता है।

डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 39 A अवसर की समानता के आधार पर न्याय को बढ़ावा देने के लिये समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने का प्रावधान करता है।

विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेष कुमार ने विवादों को सौहार्द्रपूर्ण ढंग से निपटाने के लिये लोक अदालतों की संचालन प्रक्रिया पर प्रकाश डाला।

प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा किए जा रहे कमजोर वर्गों को निशुल्क न्याय दिलाने के अभियान की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। रोवर लीडर डॉ नीरज कुमार ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



# दो मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल पहुंचा राजकीय महाविद्यालय

दिनांक 23.11.2023

एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय आवास विकास, बदायूं ने लगातार दो मैच जीतकर पहली बार क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

दिनांक 24 नवंबर 2023 को होने वाले क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए पहला मैच बहजोई कॉलेज के साथ खेला जिसमें बहजोई कॉलेज के द्वारा दिए गए 78 रन के लक्ष्य के जवाब में राजकीय महाविद्यालय ने सचिन के 34 रन और दुष्यंत के 10 रन के बल पर 8 विकेट से जीत हासिल किया। बोलिंग करते हुए क्षितिज ने तीन विकेट लिया। वहीं अनुज और चिराग ने दो दो विकेट लिए। प्रिंस कुमार ने एक विकेट लिया।

दूसरे मैच में राजकीय महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने एमजीएम कॉलेज संभल को 6 विकेट से हराया। एमजीएम कॉलेज संभल ने 76 रन का स्कोर खड़ा किया था जिसके जवाब में गोविंद ने एक छक्का और 2 चौका लगा कर बनाए गए 34 रन और हर्षित के 4 छक्के के साथ बनाए गए 25 रन के बल पर 6 विकेट से जीत हासिल हुआ। गेंदबाज़ी में आयुष्मान ने तीन विकेट लिए। गोविंद यादव ने दो विकेट एवं प्रिंस ने दो विकेट लिए एवं क्षितिज ने एक विकेट लिया।इस प्रकार राजकीय महाविद्यालय बदायूं ने अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान बना लिया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता,डॉ अनिल कुमार, डॉ अंशु सत्यार्थी, डॉ बबीता यादव, डॉ सतीश सिंह यादव ,डॉ संजीव राठौर, डॉ राकेश कुमार जायसवाल, डॉ संजय कुमार, डॉ प्रेमचंद चौधरी आदि ने टीम मैनेजर एवम कोच डॉ हुकुम सिंह को बधाई देते हुए पूरी टीम के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया है।



# <u>राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्ररक्षा हेतु संविधान की उद्देशिका और मतदान की शपथ लेकर कैडेट्स ने मनाया एनसीसी दिवस</u>

दिनांक 26.11.2023

एनसीसी दिवस के अवसर पर बदायूं राजकीय महाविद्यालय आवास विकास बदायूं की प्राचार्य एनसीसी प्रभारी डॉ श्रद्धा गुप्ता ने अपने कैडेट्स के साथ राष्ट्र रक्षा एवम संविधान के प्रति निष्ठा का संकल्प लेते हुए एनसीसी दिवस मनाया तथा सभी एनसीसी कैडेट्स को समाजसेवा, मतदान और रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्ररक्षा एवम संविधान की उद्देशिका का शपथ दिलाने के बाद डॉ श्रद्धा गुप्ता के नेतृत्व में आवास विकास कालोनी में रैली निकाल कर रक्तदान और मतदान के लिए लोगों को जागरुक किया गया।

डॉ श्रद्धा गुप्ता ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आज सेना की वर्दी धारण करने वाले देश के सबसे बड़े छात्र छात्राओं वाले संगठन एनसीसी का 75 वां स्थापना दिवस है। इस पुनीत अवसर पर राष्ट्र की रक्षा के लिए संविधान, लोकतंत्र की रक्षा के लिए मतदान तथा जनजीवन की रक्षा के लिए रक्तदान का संकल्प हमारी देशसेवा और समाजसेवा की संकल्पना को और अधिक सुदृढ़ करेगा। उन्होंने ने कहा कि एक व्यक्ति के रक्तदान से चार व्यक्तियों को जीवनदान मिलता है। यह ऐसी वस्तु है जो जिसका उत्पादन आज भी आधुनिक समुन्नत विज्ञान के लिए असंभव है। घायल सैनिक या बीमार व्यक्ति को जीवन दान देने के लिए सभी स्वस्थ युवाओं के द्वारा वर्ष में तीन बार रक्तदान करना जीवनचर्या का अनिवार्य भाग होना चाहिए। देश की रक्षा सैनिक करते हैं उनके जान की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है।उन्होंने कहा कि यदि सभी मनुष्य एक दूसरे के लिए समर्पित रहे तो किसी भी प्रकार के संकट का सामना करना आसान हो जाएगा।

इस अवसर पर । प्रदीप शाक्य, शिवम, पायल जादौन, सोनल राठौड़, शिखा शर्मा, अंकित बाबू , शिवकुमार , सोनू , धनवीर , अराध्या मिश्रा, अनन्या मिश्रा, नीलम आदि उपस्थित रहे।



# मतदान के महत्व पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित, इशराक प्रथम, आशीष रहे द्वितीय विजेता

दिनांक 30.11.2023

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में राजनीति विज्ञान विभाग एवं इग्नू स्टडी सेंटर के तत्वावधान में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा चलाए जा रहे स्वीप अभियान के अन्तर्गत "लोकतंत्र सशक्तिकरण हेतु मतदान का महत्व" विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रथम स्थान एमए राजनीति विज्ञान प्रथम सेमेस्टर के इशराक अहमद को तथा दूसरा स्थान एमए राजनीति विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर के आशीष चौहान को प्राप्त हुआ। तीसरे स्थान पर एमए द्वितीय सेमेस्टर के ही आर्यन गुप्ता रहे।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया तथा संचालन राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया। निर्णायक की भूमिका का निर्वहन डॉ बबिता यादव, डॉ हुकुम सिंह एवम डॉ ज्योति बिश्नोई ने किया।

वक्ताओं ने लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए मतदान की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र–छात्रा मतदाता के रूप में अपना ऑनलाइन या ऑफलाइन पंजीकरण अवश्य कारण करा लें। इशराक अहमद खान ने मतदाता बनने की आवेदन प्रक्रिया को समझाया। डॉ सतीश सिंह यादव ने कहा कि मतदान का प्रतिशत कम होने से बाहुबली और धनबली का छल कपट और कुत्सित प्रबन्धन कला अपने मिशन में सफल हो सकता है।

इस अवसर पर डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ सारिका शर्मा , डॉ प्रेमचंद चौधरी, डॉ सरिता यादव, अनन्या मिश्रा, अनामिका सक्सेना, अनुज प्रताप, भगवान सिंह राजपूत, प्रशान्त कुमार आदि मौजूद रहे।



# राजकीय महाविद्यालय में रंगोली, भाषण एवम रैली निकाल कर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

दिनांक 02.12.2023

भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा चलाए जा रहे स्वीप अभियान के अंतर्गत 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं के पंजीकरण एवं मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में संगोष्ठी आयोजित की गई तथा रंगोली बना कर जन जागरण हेतु रैली निकाली गई ।
कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट रामजी लाल एम विशिष्ट अतिथि स्वीप प्रभारी सरवर अली ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर श्रद्धा गुप्ता ने तथा संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया।
मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट रामजी लाल ने छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरुक करते हुए 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्राओं को फॉर्म सिक्स भरकर मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने की अपील किया। उन्होंने निवास परिवर्तन, मतदाता सूची में संशोधन, मतदाता फोटो पहचान पत्र का प्रतिस्थापन तथा दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हाकन के लिए फार्म आठ का प्रयोग करने की सलाह दिया। उन्होंने मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करने एवं भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला।
गोष्टी को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव एवम डॉ राजधारी यादव ने संबोधित किया। राजधारी यादव ने कहा कि लोकतंत्र का सशक्तिकरण एवं संरक्षण अनिवार्य मतदान से ही संभव है। डॉ सतीश सिंह यादव ने एनएसएस के वॉलिंटियर्स एवं एनसीसी के कैडेट्स का आह्वान किया कि वे स्वयं मतदान के साथ सभी का मतदान करने के लिए जन जागरण अभियान चलाना सुनिश्चित करें। संगोष्ठी को एमए राजनीति विज्ञान के विद्यार्थी इशराक अहमद, आशीष चौहान, अभिलाषा यादव ने संबोधित करते हुए भारतीय संविधान में वर्णित मत देने के अधिकार एवं वोटर बनने के कर्तव्य की याद दिलाई । पवन कुमार, शगुन शर्मा, अनामिका सक्सेना, मुस्कान सागर,निखिल सिंह चौहान, शिवम कुमार ,साक्षी, ने भी अपने विचार व्यक्त किए ।
वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ सरिता के निर्देशन में कॉलेज के मुख्य द्वार पर छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार के मनमोहक रंगोली का निर्माण किया, जिसका अवलोकन जिला प्रशासन के द्वारा किया गया ।
कार्यक्रम के समापन के बाद डॉ राकेश कुमार जायसवाल एवं डॉ राजधारी यादव के नेतृत्व में एनएसएस एनसीसी के वॉलिंटियर्स ने आवास विकास कॉलोनी में रैली निकाली और मतदाता जागरूकता संबंधी नारे लगाए। सिटी मजिस्ट्रेट रामजीलाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।





# विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजनाओं और लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन करने पहुंची क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी बरेली

दिनांक 07.12.2023

विकसित भारत यात्रा का क्षेत्रीय उच्च शिक्षा आधिकारी ने किया निरीक्षण जनता से संवाद कर समस्याओं को जाना*

भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के जन संवाद शिविर में मंडलायुक्त बरेली का प्रतिनिधित्व करते हुए शासन द्वारा नामित यात्रा की नोडल अधिकारी क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ संध्या रानी ने जगत ब्लॉक के अहोरमई ग्राम एवं समरेर ब्लाक के खुकड़ी ग्राम में जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने अपनी आख्या से मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल को अवगत कराया।

दोनों गांव में ऑडियो वीडियो युक्त वैन से प्रसारित प्रधानमंत्री के संदेश को सुनने के बाद ग्रामवासी विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए शिविर में शामिल हुए तथा सरकार की जनहितैषी योजनाओं के बारे में जाना। शिविर में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने जनता को संबोधित किया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना,विभिन्न प्रकार की पेंशन योजना आदि से लाभान्वित ग्रामीणों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

विकसित भारत यात्रा का अवलोकन और सत्यापन करने पहुंची क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न प्रकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का भौतिक सत्यापन किया तथा रिपोर्ट बनाकर शासन को प्रेषित किया। डॉ संध्या रानी ने शिविर में गर्भवती और प्रसूति महिलाओं को सम्मानित किया तथा दुधमुंहे बच्चों को खीर खिला कर अन्नप्राशन संस्कार कराया। डॉ संध्या रानी के साथ राजकीय महाविद्यालय आवास विकास के डॉ राकेश कुमार जायसवाल, डॉ नीरज कुमार तथा कार्यालय अधीक्षक रामकुमार ने सहयोग प्रदान किया।



# <u>पॉवर लिफ्टिंग के विजेता प्रतिभागियों का महाविद्यालय में हुआ स्वागत</u>

दिनांक 14.12.2023

एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय द्वारा बिजनौर के विवेक कॉलेज आफ लॉ में आयोजित अंतर महाविद्यालय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय , आवास विकास बदायूं के छात्र छात्राओं द्वारा 10 मेडल जीत कर लाने पर राजकीय महाविद्यालय में हर्ष व्याप्त है। मैडल जीत कर वापस आए विजेता छात्र छात्राओं को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता सहित सभी शिक्षकों ने स्वागत कर बधाई दिया।

शारीरिक शिक्षा एवम क्रीड़ा विभाग के प्रभारी डॉ हुकुम सिंह ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय को पावर लिफ्टिंग में कुल 10 मेडल प्राप्त हुआ। महिला वर्ग में एक स्वर्ण एक रजत तथा पुरुष वर्ग में एक रजत तथा चार कांस्य पदक सहित कुल 7 पदक प्राप्त हुआ। वहीं बेस्ट फिजिक में तीन मेडल प्राप्त हुआ है। एमए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सेजल सिंह ने 47 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा शीलम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया। पुरुषों के 59 किलोग्राम भार वर्ग अभिषेक शंखधार ने दूसरा स्थान एव हरिओम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रवेंद्र प्रताप ने 66 किलोग्राम भार वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। अभिषेक राठौर ने 93 किलोग्राम भार वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। बीए प्रथम सेमेस्टर के कुशाग्र सिंह ने 105 किलोग्राम भार वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

विजेता प्रतिभागियों का स्वागत प्राचार्य सहित डॉ अनिल कुमार, डॉ हुकुम सिंह,डॉ सतीश सिंह यादव, डॉ राकेश कुमार जायसवाल , डॉ नीरज कुमार, डॉ संजय कुमार, डॉ प्रेमचन्द चौधरी, डॉ गौरव कुमार सिंह, डॉ सचिन राघव, डॉ सरिता यादव, प्रमोद कुमार शर्मा, संजीव कुमार शाक्य आदि ने किया।



# राजकीय महाविद्यालय में शपथ ग्रहण के साथ सड़क सुरक्षा कार्यशाला का हुआ आयोजन

दिनांक 21.12.2023

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों की शपथ दिलाई गई तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें परिवहन विभाग की ओर से नियुक्त प्रशिक्षक जगदीश चंद्र सागर ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग बिल्कुल ना करें, ट्रैफिक लाइट व सिग्नल का पालन करें, शराब पीकर तथा अन्य किसी भी प्रकार का नशा करने के बाद वाहन बिल्कुल मत चलाएं। साल की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने वाहन चालकों से गति सीमा का ध्यान रखने का आहवान किया। डॉ हुकुम सिंह ने कहा कि वाहन चालकों को सड़क पर पैदल चलने वाले लोग की सुरक्षा का भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने पैदल यात्रा करने वाले लोगों से भी सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण नियमों को प्रचारित प्रसारित करने के लिए छात्र छात्राओं से अपील किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रेमचंद चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है इसलिए अपनी व दूसरों की सुरक्षा के लिए सड़क सुरक्षा के नियमों को अपनाते हुए जन जागरूकता उत्पन्न करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

इस अवसर पर डॉ राकेश कुमार जयसवाल, डॉ सरिता यादव, डॉ नीरज कुमार, डॉ दिलीप वर्मा, इसराक अहमद, आर्यन गुप्ता, शिवांगी कश्यप, अजय सिंह आदि ने सहयोग प्रदान किया।



<u>**भौतिक विज्ञान की 6 दिवसीय राष्ट्रीय वर्चुअल लैब कार्यशाला का शुभारंभ**</u>

दिनांक 06.01.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा 6 दिवसीय राष्ट्रीय वर्चुअल लैब कार्यशाला का उद्घाटन प्रचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने किया।

कार्यशाला के संयोजक एवं वर्चुअल लैब नोडल केंद्र के कोऑर्डिनेटर डॉ संजीव राठौर ने जानकारी दी है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में वर्णित नवीन पाठ्यक्रम के अनुरूप महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली के नवीन पाठ्यक्रम के द्वारा बीएससी भौतिक विज्ञान के निर्धारित पाठ्यक्रम में ऑफलाइन प्रयोगशाला के पाठ्यक्रम के साथ-साथ विद्यार्थियों को उनके तकनीकी उन्नयन हेतु वर्चुअल पाठ्यक्रम भी समानांतर रूप से निर्धारित है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वर्चुअल लैब पाठ्यक्रम को महाविद्यालय में संचालित करने के लिए तथा वर्चुअल लैब के निर्धारण के लिए भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा आईआईटी कानपुर द्वारा एमओयू किया गया है। जिसके तहत आईआईटी कानपुर के तत्वावधान में गत वर्ष की भांति विषम सेमेस्टर के बीएससी के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन नियोजित किया गया है। आईआईटी कानपुर के डॉ सुमन त्रिपाठी तथा डॉ विनय त्रिपाठी के सफल मार्गदर्शन में कार्यशाला नियोजित की गई है।


उद्घाटन सत्र में डॉ श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा के बदलते हुए आयाम के तहत वर्चुअल लैब के माध्यम से पाठ्यक्रम को पूर्ण करना समस्त शिक्षण संस्थाओं का नैतिक उत्तरदायित्व भी है। और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा निर्देशों के अनुरूप छात्र-छात्राओं को उनके तकनीकी उन्नयन के लिए वर्चुअल लैब माध्यम की जानकारी तथा उसके माध्यम से प्रयोगों को विधिवत रूप से संपन्न करना छात्र-छात्राओं को उनके विषय में पारंगत बनाएगी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर की वर्चुअल लैब कार्यशाला संपन्न करा कर लगातार 6 दिन तक देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को लाभ प्रदान होगा।

कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों के 600 से अधिक छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया है। कार्यशाला प्रथम तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के लिए निर्धारित की गई है। जिसके अंतर्गत 6 एवं 7 जनवरी को प्रथम सेमेस्टर, 8 एवं 9 जनवरी को तृतीय सेमेस्टर तथा 10 एवं 11 जनवरी को पंचम सेमेस्टर के पाठ्यक्रम के अनुरूप वर्चुअल प्रयोगों की विधि पर प्रकाश डाला जाएगा।

कार्यशाला में व्याख्याता के रूप में पीएसआईटी कानपुर के भौतिक विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अपर्णा दीक्षित ने वर्चुअल लैब की आधुनिक युग में उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए पाठ्यक्रम के अनुरूप "यंग माड्यूल्स बाई बैंडिंग ऑफ बीम नामक"प्रयोग को वर्चुअल माध्यम से विद्यार्थियों को विस्तृत रूप से बताया। वर्चुअल लैब के प्रयोगों की विधि अमृतालैब की वेबसाइट के माध्यम से विद्यार्थियों को अवगत कराई जा रही है। डॉ अपर्णा दीक्षित ने देश के विभिन्न छात्र-छात्राओं के गूगल मीट लिक के माध्यम से जुड़े विभिन्न विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान भी किया।

प्रतिभागियों की संख्या अत्यधिक होने के कारण तथा ऑनलाइन तकनीकी समस्याओं के समाधान की दृष्टि से ऑनलाइन राष्ट्रीय वर्चुअल लैब वर्कशॉप को यूट्यूब चैनल के माध्यम से सीधा प्रसारित भी किया गया।

कार्यशाला में डीएवी कॉलेज रुड़की की प्रोफेसर डॉ बंदिता श्रीवास्तव ने कार्यशाला की सराहना की तथा वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता बताते हुए उपस्थित विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला के संयोजक डॉ संजीव राठौर ने कहा कि डॉ बंदिता श्रीवास्तव का कार्यशाला में रुचि लेकर मार्गदर्शन करना महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। डॉ दिवंगर सपाटे सहित विभिन्न विद्वान प्राध्यापक भी मौजूद रहे।



## आईआईटी कानपुर के तत्वाधान में 6 दिवसीय राष्ट्रीय वर्चुअल कार्यशाला में तीसरे दिन भी संपन्न कराए गए प्रयोग

दिनांक 08.01.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग एवम आईआईटी कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में 6 दिवसीय राष्ट्रीय वर्चुअल लैब कार्यशाला तीसरे दिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के पाठ्यक्रम के अनुरूप बीएससी तृतीय सेमेस्टर के भौतिक विज्ञान में तकनीकी उन्नयन हेतु वर्चुअल लैब में विभिन्न प्रकार के प्रयोगों को सम्पन्न किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रेरित कर वर्चुअल माध्यम से प्रयोग संपन्न करने के लिए आईआईटी कानपुर के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर की वर्चुअल लैब कार्यशाला माध्यम से तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रयोग संपन्न करा कर देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को राजकीय महाविद्यालय से वर्चुअल माध्यम से जोड़ा।

आईआईटी कानपुर की प्रोजेक्ट एसोसिएट डॉ सुमन त्रिपाठी ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कार्यशाला की उपयोगिता एवं वर्चुअल लैब के माध्यम से भविष्य उन्नयन के विभिन्न आयाम तथा मध्यम सुझाए।


कार्यशला में विभिन्न राज्यों के 662 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया ।

कार्यशाला में व्याख्याता के रूप में पीएसआईटी कानपुर के भौतिक विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अपर्णा दीक्षित ने वर्चुअल लैब की आधुनिक युग में उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए पाठ्यक्रम के अनुरूप "मैग्नेटिक फील्ड एलांग एक्सिस ऑफ ए सर्कुलर कॉइल कैरिंग करंट" नामक प्रयोग को अमृतालैब की वेबसाइट के द्वारा वर्चुअल माध्यम से विद्यार्थियों को विस्तृत रूप से बताया।

व्याख्याता डॉ अपर्णा दीक्षित ने देश के विभिन्न छात्र-छात्राओं के गूगल मीट लिक के माध्यम से जुड़े विभिन्न विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान भी किया।

खास बात यह रही कि कार्यशाला के तीसरे दिन भी बीएससी तृतीय सेमेस्टर के 115 छात्र-छात्राओं ने यूट्यूब पर सीधे प्रसारण के माध्यम से तथा गूगल मीट लिंक के माध्यम से कार्यशाला से जुडकर प्रतिभाग किया। गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से उपस्थित विद्यार्थियों का कार्यशाला के दौरान फीडबैक भी प्राप्त किया गया।

कार्यशाला का संचालन संयोजक एवं आईआईटी कानपुर वर्चुअल लैब महाविद्यालय नोडल केंद्र के कोऑर्डिनेटर डॉ संजीव राठौर ने किया।




## कार्यशाला के चौथे दिन टैंजेंट गैलवनोमीटर की प्रक्रिया विधि पर व्याख्यान संपन्न

दिनांक 09.01.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में आईआईटी कानपुर के वर्चुअल लैब प्लेटफार्म के माध्यम से छह दिवसीय कार्यशाला के चौथे दिन वर्चुअल लैब में भौतिक विज्ञान के बीएससी तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को टैंजेंट गलवानोमीटर के प्रयोग के लिए प्रशिक्षित किया गया।

वर्चुअल लैब कार्यशाला में व्याख्यान देते हुए पीएसआईटी कानपुर की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अपर्णा दीक्षित ने कार्यशाला में पंजीकृत छात्र-छात्राओं को बहुमूल्य उपकरण "टैंजेंट गैलवानोमीटर" की क्रिया विधि के बारे में विस्तृत रूप से समझाया। डॉ अपर्णा दीक्षित ने व्याख्यान पूर्ण होने पर देश के विभिन्न राज्यों मिजोरम, मणिपुर, तमिलनाडु, उड़ीसा, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, असम, आंध्र प्रदेश, गोवा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, झारखंड इत्यादि के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के सवालों का निराकरण किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को आईआईटी कानपुर के अमृतालैब की वेबसाइट के माध्यम से प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।


कार्यशाला में विभिन्न राज्यों के भौतिकविद भी उपस्थित रहे। केएलडीएवी कॉलेज रुड़की की प्रोफेसर डॉ बंदिता श्रीवास्तव ने देशभर के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कार्यशाला की उपयोगिता बताते हुए वर्चुअल लैब माध्यम से प्रयोग करने के लिए सुझाव दी।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आईआईटी कानपुर के माध्यम से हमें देश भर के विभिन्न राज्यों के असंख्य शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को शिक्षा देने का अवसर प्रदान हुआ है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता पीएसआईटी कानपुर की भौतिकविद व्याख्याता डॉ अपर्णा दीक्षित का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वह विभिन्न राज्यों की भाषाओं की बाध्यता संबंधी चुनौती को स्वीकार करते हुए हिंदीभाषी प्रतिभागियों को भी तकनीकी प्रयोग विधि बखूबी समझने में पारंगत है।

बीएससी तृतीय सेमेस्टर के छात्र अली राजा ने कार्यशाला के आयोजन में तकनीकी सहयोग प्रदान किया।

आईआईटी कानपुर के महाविद्यालय नोडल कोऑर्डिनेटर एवं कार्यशाला के संयोजक डॉ संजीव राठौर ने ऑनलाइन राष्ट्रीय वर्चुअल कार्यशाला का संचालन करते हुए अवगत कराया कि आगामी 10 व 11 जनवरी को बीएससी पंचम सेमेस्टर के लिए वर्चुअल लैब सत्र का आयोजन रहेगा।




# राष्ट्रीय कार्यशाला के पांचवें दिन आई आई टी कानपुर ने कराया न्यूटन्स रिंग का वर्चुअल प्रयोग

दिनांक 10.01.204

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग एवम आईआईटी कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे 6 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के पांचवें दिन बीएससी पंचम सेमेस्टर के भौतिक विज्ञान के छात्र-छात्राओं को न्यूटन्स रिंग के प्रयोग की वर्चुअल रूप से क्रियाविधि बताई गई।


कार्यशाला के संयोजक डॉ संजीव राठौर ने जानकारी बताया कि पीएसआईटी कानपुर की भौतिक विज्ञान की एसोसिएट प्रोफेसर अपर्णा दीक्षित ने देश के विभिन्न राज्यों से ऑनलाइन जुड़े बीएससी पंचम सेमेस्टर के देश के कई राज्यों के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के मध्य न्यूटन्स रिंग प्रयोग संपन्न कराया। डॉ अपर्णा दीक्षित ने बताया कि इस प्रयोग से उपयोग में लाई जाने वाली सोडियम लाइट आंखों के लिए किसी भी रूप में हानिकारक नहीं होती है। छात्र-छात्राओं ने व्याख्याता से रूबरू होते हुए अपने विभिन्न जटिल सवालों का जवाब भी प्राप्त किया।

कार्यशाला में केएलडीएबी कॉलेज रुड़की की भौतिक विज्ञान की प्रोफेसर डॉ बंदिता श्रीवास्तव ने वर्चुअल प्रैक्टिकल की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने कार्यशाला के प्रारंभ में समस्त उपस्थित प्राध्यापकों एवं देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए वर्चुअल प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम को ऑफलाइन प्रयोगशाला के पाठ्यक्रम के साथ-साथ सीखने पर जोर दिया।

प्राचार्य ने बताया कि भौतिक विज्ञान की इस कार्यशाला को गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन संचालित किया जा रहा है तथा यूट्यूब के माध्यम से इस कार्यशाला को सीधा ऑनलाइन प्रसारित भी किया जा रहा है।

कार्यशाला में बीएससी के छात्र अली राजा ने तकनीकी सहयोग किया। तथा कार्यशाला का संचालन संयोजक डॉ संजीव राठौर ने किया।



## विकसित भारत यात्रा का क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने औचक निरीक्षण कर जनता से किया संवा

दिनांक 16.01.2024

भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के जन संवाद शिविर में मंडलायुक्त बरेली का प्रतिनिधित्व करते हुए शासन द्वारा नामित यात्रा की जिला नोडल अधिकारी क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ संध्या रानी ने बिसौली ब्लॉक के ग्राम शेखुपुरा एवं भानपुर में जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने यात्रा की आख्या बना कर मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल को प्रेषित किया।

दोनों गांव में ऑडियो वीडियो युक्त वैन से प्रसारित प्रधानमंत्री के संदेश को सुनने के बाद ग्रामवासी विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए शिविर में शामिल हुए तथा सरकार की जनहितैषी योजनाओं के बारे में जाना। संकल्प यात्रा शिविर में मुख्य सांसद डॉ संघमित्रा मौर्य ने जनता को संबोधित किया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना,आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन,विभिन्न प्रकार की पेंशन योजना आदि से लाभान्वित ग्रामवासियों को सम्मानित किया।

विकसित भारत यात्रा का अवलोकन और सत्यापन करने पहुंची क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न प्रकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट बनाकर शासन को प्रेषित किया। डॉ संध्या रानी ने शिविर में उपस्थित लोगों से संवाद कर समस्याओं को नोट किया। डॉ संध्या रानी के साथ एनएसएस के जिला नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल, डॉ सतीश सिंह यादव तथा कार्यालय अधीक्षक रामकुमार ने सहयोग प्रदान किया।




## विकसित भारत यात्रा में शामिल सरकारी विभागों का औचक निरीक्षण कर जनता से लिया फीडबैक

दिनांक 17.01.2024

भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा में शमिल सरकारी विभागों का बरेली मुरादाबाद मण्डल की उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ संध्यारानी शाक्य ने औचक निरीक्षण कर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति आख्या से शासन को अवगत कराया।

मंडलायुक्त बरेली का प्रतिनिधित्व करते हुए शासन द्वारा नामित यात्रा की जिला नोडल अधिकारी क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ संध्या रानी ने सालारपुर ब्लॉक के ग्राम सालारपुर एवं लाहीफरीदपुर में जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने सरकारी विभागों के स्टॉल पर जाकर योजनाओं के वास्तविक क्रियान्वयन वस्तुस्थिति को जाना और आख्या बना कर मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल को प्रेषित किया।

दोनों गांव में एलईडी वैन से प्रसारित प्रधानमंत्री के संदेश को सुनने के बाद ग्रामवासी विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए शिविर में शामिल हुए तथा सरकार की जनहितैषी योजनाओं के बारे में जाना। यात्रा शिविर में महिला एवम बाल कल्याण विभाग तथा विद्‌युत्त विभाग की अनुपस्थिति पाई गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना, मआयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन,विभिन्न प्रकार की पेंशन योजना आदि से लाभान्वित ग्रामवासियों ने सरकार के प्रति आभार ज्ञापित किया।

विकसित भारत यात्रा का अवलोकन और सत्यापन करने पहुंची क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के साथ राजकीय महाविद्यालय के डॉ राकेश कुमार जायसवाल, डॉ नीरज कुमार, जीबी पंत कॉलेज कछला के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ विशाल दुबे एवम कार्यालय अधीक्षक रामकुमार शर्मा ने निरीक्षण में सहयोग प्रदान किया तथा विभिन्न प्रकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट बनाई जिसे शासन को प्रेषित किया जाना है।



# राजकीय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला बना कर दिलाई शपथ दिलाई गई

दिनांक 23.01.2024

सड़क सुरक्षा जनजागरूकता माह के अंतर्गत आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय परिसर में छात्र छात्राओं एवम सभी प्राध्यापकों को मानव श्रृंखला बनाकर सड़क सुरक्षा के नियमों की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव, डॉ राजधारी यादव एवं डॉ बबिता यादव ने एनएसएस स्वयंसेवियों को यातायात के नियमों से अवगत करा कर जनजागरूकता उत्पन्न करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में रवाना किया।

महाविद्यालय के एनएसएस वाटिका में निर्मित मानव शृंखला में शमिल लोगों को डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने सड़क सुरक्षा के प्रति नियमों का पालन करने और जनजागरुकता उत्पन्न करने के लिए शपथ दिलाई।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता, डॉ अनिल कुमार, डॉ संजीव राठौर, डॉ ज्योति विश्नोई, डॉ हुकूम सिंह, डॉ अंशु सत्यार्थी, डॉ संजय कुमार, डॉ राजधारी यादव, डॉ दिलीप कुमार वर्मा, संजीव कुमार शाक्य आदि उपस्थित थे।



# राजकीय महाविद्यालय में 75 वा गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

दिनांक 26.01.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। एनसीसी कैडेट्स सहित सभी छात्र छात्राओं ने ध्वज को सेल्यूट किया ततपश्चात राष्ट्रगान हुआ। एनसीसी कैडेट्स ने फ्लैग मार्च किया। सभागार में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दी दीप प्रज्ज्वलित कर किया गय।

नारी शक्ति को समर्पित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नन्ही बालिका 2 वर्षीय श्रेयान्वी जादौन ने भारत माता को समर्पित देवी स्त्रोत को स्वर प्रदान सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। मुख्य अतिथि के साथ विशिष्ट अतिथि 3 वर्षीय नन्ही बालिका अक्षिता यादव को प्राचार्या ने बैज लगाकर तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया।

डॉ सतीश सिंह यादव,डॉ राजधारी यादव, डॉ संजय कुमार, डा हुकूम सिंह आदि प्राध्यापकों ने अपने भाषण में गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को उद्घाटित करते हुए उसकी वर्तमान में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। सभी वक्ताओं ने स्वतंत्रता सेनानीयों एवम संविधान निर्माताओ को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर डॉ संजीव राठौर, डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ नीरज कुमार, डॉ गौरव कुमार सिंह, डॉ प्रेमचंद चौधरी, डॉ सचिन कुमार राघव, डॉ सरिता यादव, डॉ ज्योति बिश्नोई, संजीव कुमार, गौरव पाली,आशीष चौहान, विपिन कुमार, सत्यम यादव, आराध्या मिश्रा, नीलम, मुस्कान सागर, राजा शर्मा, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।



# राजनीति विज्ञान परिषद की कार्यकारिणी का पुनर्गठन, आशीष अध्यक्ष, इशराक अहमद महामंत्री निर्वाचित

दिनांक 01.02.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में राजनीति विज्ञान परिषद की कार्यकारिणी का वर्तमान सत्र 2023 - 24 के लिए पुनर्गठन किया गया। महाविद्यालय की सभागार में संपन्न हुई कार्यकारिणी गठन समारोह में विभागाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने अध्यक्ष पद हेतु एमए तृतीय सेमेस्टर के छात्र आशीष कुमार तथा महामंत्री पद हेतु एमए प्रथम सेमेस्टर के इशराक अहमद के नाम का प्रस्ताव सर्वसम्मति से किया जिसका समर्थन सभागार में उपस्थित सभी छात्र छात्राओं ने किया।

गांव अधिकारी डॉ प्रेमचंद चौधरी एवं डॉक्टर संजय कुमार की देखरेख में संपन्न हुए कार्यकारिणी निर्वाचन में उपाध्यक्ष के तीन पदों पर सुमित सागर, सचिन यादव एवं सोनम ठाकुर निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं संयुक्त मंत्री के तीन पदों पर अनूप सिंह यादव, आराध्या मिश्रा एवं पवन कुमार भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। संगठन मंत्री का दायित्व आर्यन गुप्ता एवं भगवान सिंह राजपूत को सौंपा गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कुमारी शगुन शर्मा,निखिल सिंह चौहान, लता यादव, मुस्कान सागर एवं शिवांगी कश्यप का चयन किया गया। प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं कर्तव्य की शपथ दिलाई।

निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के साथ अनुशासन व शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में डॉ राजधारी यादव, डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ सतीश सिंह यादव, डॉ ज्योति विश्नोई , डॉ नीरज कुमार आदि ने सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर गीतांजलि सिंह, छाया, अजय सागर, विपिन कुमार, देवांश,प्रशांत, भूमिका कश्यप, प्रमोद साहू सोनल राठौड़, पारुल तोमर,अंकुर, अभिषेक, स्वाति यादव आदि उपस्थित थे।




# इतिहास परिषद,समाजशास्त्र परिषद एवं शारीरिक शिक्षा परिषद का एक साथ हुआ पुनर्गठन

दिनांक 05.02.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में वर्तमान सत्र 2023 - 24 के लिए इतिहास परिषद,समाजशास्त्र परिषद एवं शारीरिक शिक्षा परिषद की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। महाविद्यालय के सभागार में संपन्न हुई कार्यकारिणी गठन समारोह में चुनाव अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने तीनों विषय के विभागीय परिषद के पदाधिकारी का चुनाव संपन्न कराया। जिसमें इतिहास परिषद के अध्यक्ष पद पर एमए प्रथम सेमेस्टर की गीतांजलि सिंह सर्वाधिक मत प्राप्त कर निर्वाचित हुईं। समाजशास्त्र परिषद का अध्यक्ष

एमए प्रथम सेमेस्टर के अंकित कुमार चुने गए और वहीं शारीरिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष पद पर बीए तृतीय सेमेस्टर के पवन कुमार निर्वाचित हुए।

इतिहास परिषद मे महामंत्री पद पर अनूप कुमार र्निविरोध निर्वाचित हुए।उपाध्यक्ष के दो पदों पर विपिन कुमार और अनुपम गौतम ने जीत हासिल किया। वहीं संयुक्त मंत्री के दो पदों पर मोहन यादव और मुस्कान श्रीवास्तव को विजय प्राप्त हुआ। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अजय कुमार सागर, शिल्पी सिंह, मोहित कुमार,सोनम ठाकुर एवं निखिल कुमार निर्वाचित हुए।

शारीरिक शिक्षा परिषद के विभागाध्यक्ष डॉ हुकुम सिंह के निर्देशन में संपन्न हुए चुनाव में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने अध्यक्ष पद पर पवन कुमार, उपाध्यक्ष पद पर प्रियंका पाल और शिवानी महामंत्री पद पर अनुराग तथा संयुक्त मंत्री पद पर अंजलि और अनन्या मिश्रा एवम कोषाध्यक्ष पद पर हरिओम को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। वहीं कुणाल सैनी, नेहा शर्मा, पवन प्रताप सिंह, सोनू और अंकुर गुप्ता को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया।

समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ बबिता यादव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं कर्तव्य की शपथ दिलाई। निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में डॉ संजय कुमार , डॉ प्रेमचंद चौधरी, डॉ सरिता यादव, डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ गौरव कुमार सिंह, डॉ राजधारी यादव, डॉ सचिन राघव आदि ने सहयोग प्रदान किया।




# वनस्पति विज्ञान परिषद का पुनर्गठन, प्राची मिश्रा अध्यक्ष राजू बने महामंत्री

दिनांक 06.02.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में सत्र 2023ए 24 के लिए वनस्पति विज्ञान परिषद की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। महाविद्यालय के सभागार में संपन्न हुए कार्यकारिणी गठन समारोह में चुनाव अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने अध्यक्ष पद पर 54 मत प्राप्त करने वाली प्राची मिश्रा को अध्यक्ष तथा 50 मत प्राप्त करने वाले राजू कुमार को महामंत्री निर्वाचित घोषित किया।

उपाध्यक्ष के दो पदों पर अर्पित कुमार सिंह और दिशा मिश्रा ने विजय प्राप्त किया। वहीं संयुक्त मंत्री के दो पदों पर पदों पर आदित्य मौर्य और मयंक यादव विजई रहे।

प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं कर्तव्य की शपथ दिलाई।

निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के साथ अनुशासन व शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में डॉ हुकूम सिंह, डॉ गौरव कुमार सिंह, डॉ संजय कुमार, डॉ सचिन राघव, डॉ प्रेमचंद चौधरी आदि सहयोग प्रदान किया।




# <u>प्राणी विज्ञान और रसायन विज्ञान परिषद का पुनर्गठन, सुहानी गुप्ता और अभिलक्ष्य चौहान को मिला अध्यक्ष पद</u>

दिनांक 07.02.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में सत्र 2023- 24 के लिए प्राणी विज्ञान और रसायन विज्ञान परिषद की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। प्राणी विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देशन में संपन्न हुए चुनाव में बीएससी पंचम सेमेस्टर की छात्रा सुहानी गुप्ता अध्यक्ष निर्वाचित हुईं वहीं महामंत्री पद पर बीएससी तृतीय सेमेस्टर के छात्र संजय सिंह निर्वाचित हुए।

उपाध्यक्ष के दो पदों पर अभिलक्ष्य चौहान और इसार सैफी ने विजय प्राप्त किया। संयुक्त मंत्री के दो पदों पर तनुष्का चौहान और मोहित मिश्रा ने विजय प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने प्राणी विज्ञान के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

रसायन विज्ञान परिषद के पुर्नगठन समारोह में चुनाव अधिकारी डॉ राजधारी यादव ने बीएससी पंचम सेमेस्टर के छात्र अभिलक्ष्या चौहान को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया महामंत्री के पद पर आरती शाक्य चुनी गई उपाध्यक्ष के दो पदों पर भाभी गुप्ता और दुष्यंत यादव ने विजय हासिल किया संयुक्त मंत्री के दो पदों पर साक्षी यादव और मोहित मिश्रा निर्वाचित हुए। रसायन विज्ञान परिषद में संगठन मंत्री का दायित्व विकास राजपूत और आकांक्षा शर्मा को दिया गया। विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सारिका शर्मा एवं डॉ मिथिलेश कुमार ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को पद एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न में डॉ अनिल कुमार, डॉ पवन शर्मा, ज्योति विश्नोई, डॉ सरिता यादव आदि ने सहयोग प्रदान किया।



# <u>भौतिक विज्ञान परिषद का पुनर्गठन, आकाश शर्मा अध्यक्ष कमल बाबू बने महामंत्री</u>

दिनांक 08.02.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में भौतिक विज्ञान परिषद का वर्तमान सत्र के लिए पुनर्गठन किया गया। संयोजक डॉ संजीव राठौर ने अध्यक्ष पद हेतु बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र आकाश शर्मा तथा महामंत्री पद हेतु बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर के कमल बाबू के नाम का प्रस्ताव किया जिसका समर्थन सभागार में उपस्थित सभी छात्र छात्राओं ने किया।

चुनाव अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल एवम सहायक चुनाव आधिकारी डॉ सरिता यादव की देखरेख में संपन्न हुए निर्वाचन में उपाध्यक्ष के दो पदों तान्या देवल और हर्षित कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं मंत्री जैनिश वशिष्ठ तथा सहमंत्री नेहा पाल और बृजेश सिंह चंदेल चुने गए। प्रयोगशाला मंत्री सूर्यांश सक्सेना तथा प्रयोगशाला सहमंत्री श्रेयांशी पाराशरी एवम आस्था राजपूत निर्वाचित हुई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शनि कुशवाहा, संगीता कश्यप, शेफाली कश्यप, आयुष सक्सेना, रनील कुमार एवम रजिया बी का चयन किया गया।

प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। डॉ संजीव राठौर ने ने परिषद कार्यकारिणी को निर्देशित किया कि वे विभागीय यूनिट वाइज असाइनमेंट, मासिक टेस्ट, ऑब्जेक्टिव टेस्ट का अयोजन करने के साथ प्रयोगशाला के उपकरणों की रिपेयरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर उनके रखरखाव का दायित्व भी संभालेंगे। कक्षावार सेमिनार और डिबेट को संपन्न कराने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करेंगे। उन्होंने पदाधिकारियों को एनआईआरएफ और आईआईसी से संबंधित इनफॉरमेशन प्रोग्राम को भी संपन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी। डॉ राठौर ने बताया कि नवगठित परिषद की मासिक बैठक में आगामी कार्ययोजना तैयार की जाएगी तथा महीने में एक बार समीक्षा बैठक भी होगी।

निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में डॉ नीरज कुमार, डॉ सचिन राघव, डॉ प्रेमचन्द चौधरी, डॉ सारिका शर्मा , डॉ गौरव कुमार सिंह ने सहयोग प्रदान किया।



## रंगोली,मेंहदी, स्वरचित काव्य व क्रॉफ्ट प्रतियोगिता के साथ राजकीय महाविद्यालय में हुआ युवा महोत्सव का शुभारम्भ

_दिनांक 09.02.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में युवा महोत्सव का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। प्रथम दिन रंगोली, स्वरचित काव्य पाठ, वेस्ट मटेरियल हैण्ड क्राफ्ट एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
डॉ सरिता एवम डॉ मितिलेश के देखरेख में संपन्न हुई रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वैष्णवी शर्मा को प्राप्त हुआ।दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से छाया एवम वैष्णवी सागर रहीं तथा तीसरा स्थान आमरीन और तान्या दिवाकर ने प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका डॉ अंशु सत्यार्थी, डॉ नीरज कुमार एवम डॉ ज्योति विश्नोई ने निभाई। पर्यावरण संरक्षण विषय पर आधारित डॉ अंशु सत्यार्थी एवम डॉ प्रेमचन्द की देखरेख में संपन्न हुई स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता में पहला स्थान स्नेहा पाण्डेय और छाया को मिला। दूसरे स्थान पर इशराक अहमद रहे। तीसरा स्थान तान्या देवल को मिला। निर्णायक के रूप में डॉ अनिल कुमार, डॉ पवन शर्मा रहे। डॉ सरिता एवम डॉ गौरव कुमार के निर्देशन में संपन्न हुई वेस्ट मटेरियल हैण्ड क्राफ्ट प्रतियोगिता मे तान्या देवल और प्रतीक्षा कश्यप प्रथम स्थान पर संयुक्त विजेता बनी। द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से नीतू शर्मा, शगुन शर्मा एवम प्रीति राठौर ने सफलता प्राप्त किया। तीसरा स्थान ममता, सुरभि शर्मा और आमरीन को मिला। डॉ ज्योति विश्नोई, डॉ नीरज कुमार व डॉ प्रेमचंद ने निर्णायक की भूमिका निभाई। डॉ सारिका शर्मा व डॉ ज्योति के निर्देशन में सम्पन्न हुई मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक कला का प्रदर्शन किया जिसमें प्रथम स्थान स्नेहा पांडेय को मिला। दूसरे स्थान पर रज्जो बी, पिंकी और राखी रहीं। तृतीय स्थान नीतू शर्मा एवम सुहानी गुप्ता ने प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन डॉ अंशु सत्यार्थी, डॉ शशिप्रभा एवम डॉ सरिता ने किया। युवा महोत्सव की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ श्रद्धा गुप्ता एवम संचालन सांस्कृतिक परिषद के संयोजक डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया।
इस अवसर पर डॉ संजय कुमार , डॉ सचिन राघव,प्रमोद शर्मा, संजीव शाक्य, बॉबी गुप्ता, तान्या दिवाकर, प्रशान्त यादव, आरती शाक्य, आर्यन गुप्ता,सोनम ठाकुर, कोमल सक्सेना, अंशिका सोलंकी, अनुज प्रताप सिंह , गौरव पाली आदि ने सहयोग प्रदान किया।





## युवा महोत्सव के दूसरे दिन कॉर्ड मेकिंग,गीत गायन एवम त्वरित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांक 10.02.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में चल रहे युवा महोत्सव के दूसरे दिन कार्ड मेकिंग, गीत गायन एवं त्वरित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

डॉ शशिप्रभा एवं डॉ ज्योति विश्नोई के निर्देशन में आयोजित कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से स्नेहा पाण्डेय और छाया को प्राप्त हुआ। दूसरा स्थान सत्यम दीक्षित और आमरीन मिला। तीसरे स्थान पर शगुन शर्मा, शबानाज एवम कोमल सक्सेना रहीं । निर्णायक की भूमिका डॉ अनिल कुमार, डॉ प्रेमचन्द चौधरी एवम डॉ सरिता ने निभाई।
गायन प्रतियोगिता में बीएससी पंचम सेमेस्टर की सेजल मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर एमए तृतीय सेमेस्टर की छाया एवम तीसरे स्थान पर एमए प्रथम सेमेस्टर के इशराक अहमद रहे। निर्णायक की भूमिका डॉ संजीव राठौर, डॉ नीरज कुमार एवं डॉ संजय कुमार ने निभाई।
डॉ नीरज कुमार एवम डॉ सचिन राघव के निर्देशन में त्वरित भाषण प्रतियोगिता में अनूप सिंह एवम इशराक अहमद को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान मिला। दूसरा स्थान विकास कुमार को मिला। तीसरे स्थान पर स्नेहा पाण्डेय रही। निर्णायक के रूप में डॉ राजधारी यादव, डॉ गौरव कुमार सिंह, एवम डॉ प्रेमचंद रहे।
कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने किया तथा संचालन डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया।
इस अवसर पर डॉ बबिता यादव, डॉ सारिका शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा , संजीव शाक्य , आर्यन गुप्ता , विपिन कुमार, अराध्या, शिवांगी सक्सेना आदि ने सहयोग प्रदान किया।



## युवा महोत्सव के तीसरे दिन क्विज एवम प्रेरक परिधान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

दिनांक 11.02.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में चल रहे युवा महोत्सव के तीसरे दिन क्विज एवं प्रेरक परिधान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
डॉ सचिन राघव के निर्देशन में संपन्न हुई क्विज कंपटीशन में प्रथम स्थान बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र अनूप सिंह ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर पवन कुमार रहे तथा तीसरा स्थान संयुक्त रूप से अनुपम निधि विसारिया, गीतांजलि सिंह एवं विकास कुमार को मिला। निर्णायक की भूमिका में डा सतीश सिंह यादव एवं डॉ गौरव कुमार सिंह रहे।
प्रेरक परिधान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शगुन शर्मा को मिला। दूसरे स्थान पर आमरीन रही। तीसरा स्थान संयुक्त रूप से सोनम ठाकुर एवम प्रिया को प्राप्त हुआ। निर्णायक के रूप में डॉ संजीव राठौर, डॉ नीरज कुमार एवम डॉ प्रेमचंद चौधरी रहे।
कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने किया तथा संचालन सांस्कृतिक परिषद के संयोजक डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया। सहसंयोजक डॉ बबीता यादव ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ सारिका शर्मा, डॉ ज्योति विश्नोई, डॉ राजधारी यादव, डॉ संजय कुमार,संजीव शाक्य, प्रमोद शर्मा, इसराक अहमद खान, आर्यन गुप्ता,राजा शर्मा, तान्या देओल, सेजल मिश्रा आदि ने सहयोग प्रदान किया।



## <u>राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस का एक दिवसीय शिविर आयोजित</u>

दिनांक 11.02.2024

राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय एवं तृतीय इकाई का प्रथम एक दिवसीय शिविर महाविद्यालय मे संपन्न हुआ। शिविर का विषय पर्यावरण संरक्षण था। इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं तथा स्वयंसेवकों को बैज एवं डायरी का वितरण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर राजधारी यादव के द्वारा दिया गया तथा रैली निकालकर आवास विकास से लेकर संतोष सिंह तिराहे तक जागरूकता अभियान चलाया गया । राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी बबीता यादव द्वारा स्वयंसेविकाओं को सात दिवसीय शिविर के विषय में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर अनूप सिंह यादव ,पवन ,प्रदीप सोनी, प्रतिक्षा मिश्रा, अंजलि तोमर, नीतू आदि उपस्थित रहे।



## <u>युवा महोत्सव के चौथे दिन भाषण, पोस्टर,एकल अभिनय एवम पाककला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन</u>

दिनांक 12.02.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में चल रहे युवा महोत्सव के चौथे दिन भाषण, पोस्टर , एकल अभिनय एवं पाककला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ अनिल कुमार एवं डॉ राजधारी यादव के निर्देशन में "आत्मनिर्भर भारत" विषय पर अयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्नेहा पांडेय को प्राप्त हुआ। दूसरे स्थान पर निखिल सिंह चौहान रहे। तीसरा स्थान संयुक्त रूप से गीतांजलि सिंह एवं अनूप सिंह को मिला। निर्णायक की भूमिका डॉ बबीता यादव, डॉ सारिका शर्मा एवं शशि प्रभा ने निभाई।

डॉ सरिता एवम डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देशन में " नारी सशक्तीकरण " विषय पर संपन्न हुई पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से शिव कुमार और आमरीन को मिला। दूसरे स्थान पर स्नेहा पांडेय रही। तीसरा स्थान कोमल सक्सेना एवं सुरभि शर्मा ने प्राप्त किया।

डॉ संजीव राठौर एवम डॉ प्रेमचन्द के निर्देशन में एकल अभिनय प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रथम स्थान शगुन शर्मा ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर विपिन कुमार रहे। तीसरा स्थान प्रिया को मिला। निर्णायक की भूमिका डॉ गौरव कुमार , डॉ सतीश सिंह यादव एवम डॉ संजय कुमार ने निभाई। डॉ नीरज कुमार एवम डॉ संजय कुमार ने पाककला प्रतियोगिता कराई जिसमें प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से प्रियंका गुप्ता प्रियंका पाल एवं तान्या देओल रही। दूसरा स्थान संयुक्त रूप से सुहानी गुप्ता एवं बॉबी गुप्ता को मिला। तीसरा स्थान संयुक्त रुप से प्रीति राठोर, तिवारी कमल सक्सेना एवं नीतू शर्मा को प्राप्त हुआ। निर्णायक की भूमिका डॉ गौरव कुमार,डॉ सचिन राघव एवं डॉ सरिता यादव ने निभाई। मंच संचालन डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया।

इस अवसर पर डॉ हुकुम सिंह, डॉ पवन शर्मा, संजीव शाक्य, अनुज प्रताप सिंह, इसराक अहमद खान, आर्यन गुप्ता, योगिता यादव, अनन्या मिश्रा, सत्यम दीक्षित, वैष्णवी शर्मा, अंजलि अग्रवाल, शिवानी भारती, दिशा मिश्रा, मुस्कान राना, आकांक्षा सिंह, अंशिका यादव , प्रतीक्षा रानी आदि ने सहयोग प्रदान किया।



# हर्षित बने बैडमिंटन चैंपियन शतरंज में रनील और छाया ने बाजी मारी

दिनांक 13.02.2024

राजकीय महाविद्यालय आवास विकास में चल रहे युवा महोत्सव के अन्तर्गत आज से प्रारंभ हुई दो दिवसीय इंडोर क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने किया।

छात्र वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र रानील कुमार ने बीएससी पंचम सेमेस्टर के छात्र और पूर्व चैम्पियन अनुपम निधि विसारिया को कड़े मुकाबले में पराजित करते हुए इस वर्ष का चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। शह और मात के खेल में अनुपम निधि ने भी कड़ी टक्कर देते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। छात्राओंं की शतरंज प्रतियोगिता में एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा छाया चैंपियन बनी। दूसरे स्थान पर शगुन शर्मा तथा तीसरे स्थान पर अंशिका सिंह रही। निर्णायक की भूमिका डॉ सचिन राघव, डॉ नीरज कुमार एवं डॉ सारिका शर्मा ने निभाई।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में कड़ा संघर्ष देखने को मिला। बीएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र हर्षित कुमार ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए बीएससी पंचम सेमेस्टर के छात्र और पिछले वर्ष के चैम्पियन शशांक पाराशरी को पराजित करते हुए इस वर्ष का बैडमिंटन चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। पूर्व विजेता शशांक को दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। तीसरा स्थान बीएससी तृतीय सेमेस्टर के छात्र दुष्यन्त यादव को हासिल हुआ। छात्राओं युगल बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई जिसमें दिशा पाराशरी एवं साक्षी पाराशरी की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जहां युगल खिलाड़ी उपासना और प्राची सिंह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया वहीं वर्षा देवी और अंशिका पाल की जोड़ी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

निर्णायक की भूमिका में डॉ अनिल कुमार और डॉ संजय कुमार रहे। प्रतियोगिताओं का संचालन क्रीड़ा सचिव डॉ हुकुम सिंह के निर्देशन में हुआ।



**राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय इंडोर गेम्स के अन्तिम दिन टेबल टेनिस और कैरम प्रतियोगिता आयोजित**

दिनांक 14.02.2024

इंडोर गेम्स में पारस, साक्षी टेबल टेनिस में प्रशांत और इरम कैरम में बने चैम्पियन*

राजकीय महाविद्यालय बदायूं में युवा महोत्सव के अन्तर्गत चल रहे दो दिवसीय इंडोर क्रीड़ा प्रतियोगिता के अन्तिम दिन टेबल टेनिस और कैरम की छात्र छात्राओं की अलग अलग प्रतियोगिता कराई गई।

छात्र वर्ग की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में बीएससी पंचम सेमेस्टर के पारस यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर वर्तमान सत्र के चैम्पियन बने। छात्रा वर्ग में बीएससी पंचम सेमेस्टर की साक्षी यादव ने टेबल टेनिस की

चैंपियनशिप अपने नाम किया। उपविजेता अस्मिता सागर बनी।छात्रों में दूसरा स्थान प्रवेंद्र प्रताप को मिला । तीसरे स्थान पर कुनाल सैनी रहे।

छात्रों की कैरम प्रतियोगिता में प्रशांत श्रीवास्तव विजेता तथा आयुष प्रताप उप विजेता बने। बंटी सागर और आदित्य को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। छात्राओं में इरम बी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया , वहीं प्रिया को दूसरा स्थान मिला। सोनल राठौर और रज्जो बी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं ।

निर्णायक की भूमिका डॉ सरिता यादव एवं डॉ गौरव कुमार सिंह ने निभाई। स्कोरर की भूमिका में डॉ अनिल कुमार,डॉ सचिन राघव, डॉ संजय कुमार एवं डॉ सतीश यादव सक्रिय रहे। सभी प्रतियोगिताएं क्रीड़ा प्रभारी डॉ हुकुम सिंह की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने मेडल पहना कर प्रमाणपत्र प्रदान किया । इस अवसर पर डॉ राकेश कुमार जायसवाल, डॉ नीरज कुमार, डॉ प्रेमचंद चौधरी , डॉ सारिका शर्मा आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



# राजकीय महाविद्यालय में नवदश वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ

दिनांक 15.02.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में चल रहे युवा महोत्सव के अन्तर्गत 19 वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह का उद्घाटन ध्वजारोहण,पिछले सत्र के चैम्पियन को मशाल देकर एवम मार्चपास्ट की सलामी ले कर मुख्य अतिथि दमयंती राज आनन्द राजकीय महाविद्यालय बिसौली के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार वार्ष्णेय एवम विशिष्ट अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी अमित रिछारिया ने किया।

प्रिया और शिवम के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ हुकूम सिंह ने खेल की मर्यादा व अनुशासन की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने कहा कि युवाओं को खेल की भावना से खेल खेलते हुए इसे अपने जीवनचर्या का अनिवार्य अंग बनाना चाहिए। मुख्य अतिथि एवम विशिष्ट अतिथि का स्वागत बैज,माल्यार्पण और शाल ओढ़ाकर कर किया गया। प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

प्रथम दिवस संपन्न हुए छात्रा वर्ग की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनुष्का चौहान को मिला दूसरा स्थान को वर्षा देवी को मिला एवं तीसरे स्थान पर प्राची सिंह रही । छात्र वर्ग की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में पहला स्थान कृष्णपाल को मिला दूसरे स्थान शिवम पर रहे एवं तीसरे स्थान पर सर्जून सिंह रहे। छात्र वर्ग की 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में पहला स्थान कृष्णपाल को प्राप्त हुआ। दूसरे स्थान पर विपिन रहे तथा तीसरा स्थान प्रशान्त मिश्रा को मिला।छात्राओं की 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में पहला स्थान शीलम को मिला। दूसरे

स्थान पर तनुष्का चौहान रही तथा तीसरा स्थान राजकुमारी को प्राप्त हुआ। छात्र वर्ग की डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में अमित कुमार प्रथम विजेता बने। अर्पित दूसरे स्थान पर रहे तथा पवन कुमार को तीसरा स्थान मिला। छात्रा वर्ग की डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में कुमारी प्रिया प्रथम विजेता बनी। दूसरे स्थान पर उपासना रहीं तथा तीसरा स्थान कोमल सक्सेना को प्राप्त हुआ । छात्र वर्ग की गोला फेंक प्रतियोगिता में पहले स्थान पर अमित कुमार रहे। दूसरा स्थान प्रवेंद्र प्रताप सिंह एवम अर्पित ने प्राप्त किया तथा तीसरे स्थान पर पवन कुमार रहे। छात्राओं की गोला फेंक प्रतियोगिता में पहला स्थान उपासना को मिला।दूसरे स्थान पर प्रिया रही एवं तीसरा स्थान सोनल राठौर को प्राप्त हुआ। छात्रों की 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में पहला स्थान विपिन को प्राप्त हुआ। दूसरे स्थान पर सचिन रहे तथा तीसरा स्थान ब्रम्हानंद यादव को प्राप्त हुआ। छात्राओं की 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में पहला स्थान शीलम को प्राप्त हुआ। दूसरे स्थान पर राजकुमारी रही तो वहीं तीसरा स्थान प्रियंका पाल को मिला। सभी विजेता प्रतिभागियों को स्वर्ण पदक, रजत पदक,एवं कांस्य पदक का मेडल पहनाकर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ प्रमोद कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि छात्र छात्राओं को अपनी जीवन चर्या में अनिवार्य रूप से खेल को शामिल करना चाहिए। खेल के द्वारा एक स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है जिसमें एक स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है और स्वस्थ मस्तिष्क के द्वारा ही नए विचार उत्पन्न किए जा सकते हैं। अमित रिछारिया ने कहा कि खेलकूद में प्रतिभागिता से उज्जवल भविष्य बनाने का मार्ग प्रशस्त होता है।

निर्णायक की भूमिका का निर्वहन डॉ अनिल कुमार, डॉ सतीश सिंह, डॉ संजीव राठौर,डॉ नीरज कुमार, डॉ गौरव कुमार, डॉ सारिका शर्मा, डॉ ज्योति विश्नोई, डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ राजधारी यादव आदि ने किया। संचालन डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया।

इस अवसर पर डॉ पवन शर्मा, डॉ प्रेमचंद चौधरी, शशिप्रभा , संजीव शाक्य , प्रमोद शर्मा, विपिन राणा, शगुन शर्मा , पायल जादौन आदि उपस्थित थे।





## वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन विपिन छात्र चैंपियन , शीलम बनी छात्रा चैंपियन

दिनांक 16.02.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में चल रहे 19 वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह के अन्तिम दिन विभिन्न प्रकार की एथलीट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र वर्ग में सर्वाधिक चार स्वर्ण एवम एक रजत पदक प्राप्त कर बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र विपिन चैंपियन बने । वहीं छात्रा वर्ग की चैंपियनशिप पर बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा शीलम ने कब्जा जमाया।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि राजकीय महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ स्मिता जैन ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र के साथ मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

छात्रों की 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विपिन ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर प्रवेंद्र प्रताप सिंह तथा तीसरे स्थान पर हर्षित कुमार रहे। छात्राओं की 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में पहला स्थान शीलम ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर तनुष्का चौहान रही तथा तीसरा स्थान राजकुमारी को मिला। छात्रोंं की 5000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान विपिन ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान मयंक और तीसरा स्थान हरिओम ने प्राप्त किया। छात्राओं की 3000 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान शीलम को मिला। द्वितीय स्थान पर प्रियंका पाल रही तथा तीसरा स्थान नीतू शर्मा को मिला। छात्राओं की लंबी कूद प्रतियोगिता में प्रथम विजेता नीलम बनी। दूसरे स्थान पर तनुष्का तथा तीसरे स्थान पर प्रियंका पाल रही । छात्रों की लंबी कूद प्रतियोगिता में प्रथम विजेता प्रिन्स बने। दूसरे स्थान पर हर्षित कुमार रहे तथा तीसरा स्थान विकास यादव को मिला। छात्रा वर्ग की ऊंची कूद प्रतियोगिता में तनुष्का चौहान ने प्रथम स्थान हासिल किया। सोनल राठौर और प्रियंका पाल संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रही तथा तीसरा स्थान राजकुमारी को मिला। छात्र वर्ग की ऊंची कूद प्रतियोगिता में प्रिन्स ने अपना परचम लहराया।दूसरे स्थान पर पंकज पाल और सिकल कुमार रहे। तीसरे स्थान पर दीपक यादव रहे। छात्रा वर्ग की जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर उपासना रही। द्वितीय स्थान नीलम को प्राप्त हुआ। तीसरे स्थान पर प्रिया रही। छात्रों की जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अर्पित रहे। दूसरा स्थान पवन कुमार को मिला तथा तीसरे स्थान पर प्रशांत कुमार रहे ।

सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि डॉ स्मिता जैन ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि परीक्षा दी जाती है और परीक्षा ली जाती है किंतु प्रतियोगिता की जाती है, जो जीवन पर्यंत चलता रहता है और आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि शारीरिक व्यायाम दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है। खेल के द्वारा खेल खेल में सम्पूर्ण व्यायाम हो जाता है, जो स्वस्थ जीवन का सहज मार्ग है । उन्होंने कहा कि खेल के प्रति प्रति लगाव और जुनून रखने वाले छात्र छात्रा इसे अपना कैरियर बनाएं तथा सम्मान यश कीर्ति के साथ एक अच्छा मुकाम हासिल करें। मुख्य अतिथि को प्राचार्या डॉ श्रद्धा गुप्ता ने शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने किया तथा संचालन राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया। निर्णायक की भूमिका डॉ अनिल कुमार, डॉ बबिता यादव, डॉ सतीश सिंह यादव, डॉ संजीव राठौर, डॉ राकेश जायसवाल , डॉ सचिन कुमार , डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ गौरव कुमार आदि ने निभाई। क्रीड़ा प्रभारी डॉ हुकूम सिंह ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

इस अवसर पर डॉ पवन शर्मा, डॉ सारिका शर्मा, डॉ नीरज कुमार, डॉ राजधारी यादव, शशिप्रभा, डॉ प्रेमचन्द चौधरी, डॉ ज्योति विश्नोई, डॉ मितिलेश , संजीव शाक्य, प्रमोद शर्मा, गौरव पाली, तान्या देवल, शगुन शर्मा, विपिन राणा, कोमल सक्सेना आदि उपस्थित रहे।



# <u>गणतंत्र दिवस समारोह के परेड में शामिल हो कर लौटी प्रिया का हुआ अभिनंदन</u>

दिनांक 17.02.2024

राजकीय महाविद्यालय आवास विकास बदायूं की एनएसएस स्वयंसेविका कुमारी प्रिया का गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होकर दिल्ली से वापस आने के बाद महाविद्यालय में उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य ( वित्त) डॉ स्मिता जैन एवं प्राचार्य ( प्रशासन ) डॉ श्रद्धा गुप्ता ने प्रिया का माल्यार्पण कर स्वागत किया । ज्ञातव्य है कि राजधानी दिल्ली में होने वाले प्रत्येक गणतंत्र दिवस समारोह में भारतीय सेना, विभिन्न प्रकार के सुरक्षा बलों के साथ ही एनसीसी एवं एनएसएस वालंटियर्स की अलग अलग परेड होती है, जिसकी तैयारी छः माह पहले ही प्रारंभ कर दी जाती है। परेड में शामिल होने वाले के लिए अखिल भारतीय स्तर पर चयन प्रक्रिया को अपना कर देश भर से चुनिंदा योग्य एनएसएस वालंटियर्स का चयन किया जाता है , जिसमे राजकीय महाविद्यालय में संचालित एनएसएस के प्रथम इकाई की स्वयंसेविका प्रिया का चयन अखिल भारतीय स्तर पर किया गया था। विश्वविद्यालय स्तर पर चयनित होने के बाद प्रिया का चयन प्रदेश स्तर पर हुआ और हरिद्वार में एक महीने की का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद हुई परीक्षा में उत्तीर्ण होकर राष्ट्रीय स्तर के एनएसएस टीम में उनका चयन किया गया था। भारत सरकार द्वारा प्रिया को एक महीने तक दिल्ली में गणतंत्र दिवस की परेड के अनुकूल अर्हता हेतु पूर्वाभ्यास कराया गया। कुमारी प्रिया ने बताया कि एक महीने दिल्ली प्रवास की अवधि में एनएसएस टीम को विभिन्न महत्वपूर्ण राष्ट्रपति भवन जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों का विजिट कराया गया साथ ही राष्ट्रपति , प्रधानमन्त्री एवं विभिन्न उच्च संवैधानिक पदों पर आसीन महान विभूतियां से मिलने का अवसर भी मिल।

स्वागत करने वालों में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव, डॉ बबीता यादव, डॉ राजधारी यादव, डॉ संजीव राठौर, डॉ प्रेमचंद चौधरी, डॉ नीरज कुमार, डॉ गौरव कुमार सिंह ,डॉ सचिन राघव ,डॉ दिलीप कुमार वर्मा के साथ सैकड़ो छात्र-छात्रा भी उपस्थित रहे।



## *राजकीय महाविद्यालय में संचालित एनएसएस इकाईयों के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

दिनांक 23.02.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के प्रबंधक पी पी सिन्हा ने महाविद्यालय के सभागार में स्वामी विवेकानंद के चित्र एवं सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम दिन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। सभी शिविरार्थियों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह ने उद्घाटन सत्र का संचालन किया।
उदघाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पी पी सिन्हा ने कहा कि सात दिवसीय इस शिविर के माध्यम से छात्र-छात्राएं ग्रामीण समाज के दर्द की अनुभूति करेंगे और यथासंभव अपनी ज्ञान के बल पर उनके दर्द को दूर करने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाएंगे। प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना, छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास का उपयुक्त प्लेटफार्म है, जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास कर समाज को सही दिशा प्रदान करने के लिए कार्य करता है।
राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि मनुष्य का अहम और उसकी बौद्धिक जड़ता समस्याओं को पैदा करती है। निर्मल मन और सर्व स्वीकार्य भाव से किया गया कार्य किया गया कार्य कभी निष्फल नहीं होता। जो जैसा है उसे वैसा अपनाना चाहिए और फिर जैसा चाहते हैं उसको ऐसा बनाना चाहिए।
द्वितीय इकाई एवं तृतीय इकाई का शुभारंभ ग्राम पड़ौवा में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ। रानी लक्ष्मीबाई इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ बबिता यादव ने शिविर की कार्य योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम आधिकारी डॉ राजधारी यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य और सिद्धांत की व्याख्या की।
इस अवसर पर डॉ अनिल कुमार, डॉ हुकुम सिंह,डॉ सारिका शर्मा, डॉ पी के शर्मा, डॉ ज्योति विश्नोई, डॉ सरिता, डॉ सचिन कुमार, डॉ गौरव कुमार, शिवांगी कश्यप, पवन कुमार,बंटी सागर, अनूप सिंह, उपासना श्रीवास्तव, इशराक अहमद, नीतू सिंह, प्रीति यादव, योगिता यादव, सुमित सागर आदि ने सहयोग प्रदान किया।



## एनएसएस शिविर के दूसरे दिन मनाया स्वच्छता दिवस

दिनांक 24.02.2024

ग्राम नरऊ बुजुर्ग में चल रहे राजकीय महाविद्यालय आवास विकास बदायूं के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वामी विवेकानंद इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वच्छता दिवस मनाया गया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए रैली निकाली तथा गांव के मुख्य चौराहे, सामुदायिक भवन में झाड़ू लगाया और समस्त गलियों नालियों को साफ़ किया।

बौद्धिक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि हिन्दी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रेमचन्द ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ रहना अति आवश्यक है।उन्होंने कहा कि नालियों में बहता पानी मलेरिया मुक्त गाँव की निशानी है। विशिष्ट

अतिथि डॉ संजय कुमार ने कहा कि कूड़ा करकट एवं नालियों में अवरुद्ध पानी मलेरिया, टाइफाइड,डेंगू त्वचा रोग,अस्थमा आदि रोगों को जन्म देती है।

इस अवसर पर शिवांगी कश्यप, सुमित सागर, योगिता यादव , प्रीति यादव, अनूप अंजलि आदि उपस्थित है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय और तृतीय इकाई के दूसरे दिन के शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महिपाल सिंह जे . ई .आर एस . ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया तथा स्वयंसेविकाओं को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए सूखा और गीला कचरा को समायोजित करने की जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर स्वच्छता के लिए रैली निकली गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजधारी यादव ने छात्र-छात्राओं को दिशा निर्देश प्रदान किया तथा रानी लक्ष्मी बाई इकाई की कार्यक्रम अधिकारी बबीता यादव ने आख्या प्रस्तुत किया। इस अवसर पर निखिल सिंह चौहान, पवन ,नीतू , अंजलि ,शीतल , शिवानी , सोनी , सलोनी आदि उपस्थित रहे।




## *विशेष शिविर में रैली निकाल पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

दिनांक 25.02.2024

राजकीय महाविद्यालय बदायूं की एनएसएस की तीनों इकाइयों का अलग अलग गावों में संचालित सात दिवसीय विशेष में पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाया गया। नरऊ बुजुर्ग गांव में चल रहे प्रथम इकाई के शिविर में पर्यावरण संरक्षण दिवस आयोजित कर प्लास्टिक उन्मूलन के लिए जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव ने किया। स्वयंसेवियों ने नरऊ बुजुर्ग ग्राम के लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से परिचय कराया। द्वितीय ईकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजधारी यादव ने रसूलपुर में रैली निकाल पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। डॉ प्रेमचंद ने प्लास्टिक उन्मूलन एवं उसके दुष्प्रभावों से परिचित कराया तथा प्लास्टिक से होने वाले विभिन्न रोगों के प्रति जागरूक किया। दोनों इकाइयों के वालंटियर्स ने अपने अपने गोद लिए गावों के ग्रामीणों के साथ शपथ ली कि वह आज से प्लास्टिक थैलियों का प्रयोग नहीं करेंगे इसके स्थान पर कपड़े से बने बैग का प्रयोग करेंगे।

डॉ बबिता यादव के नेतृत्व में पड़ौआ ग्राम मे चल रहे तृतीय इकाई के शिविर में पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता योगेन्द्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार यादव ,सोनू पासवान ने पौधारोपण किया। मुख्य वक्ता डॉ सरिता यादव ने पौधारोपण अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी ने संगोष्ठी का संचालन किया।

इस अवसर पर योगिता यादव, शिवांगी कश्यप, अनूप सिंह, आयुष, हर्षित, दीपांशु अनुज प्रताप सिंह, सगुन शर्मा, उपासना , चेतना, प्रियंका, राजलक्ष्मी, राजश्री इशराक अहमद, निखिल सिंह आदि उपस्थित रहे।

विशेष शिविर में रैली निकाल पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश 25.02.2024

राजकीय महाविद्यालय बदायूं की एनएसएस की तीनों इकाइयों का अलग अलग गावों में संचालित सात दिवसीय विशेष में पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाया गया। नरऊ बुजुर्ग गांव में चल रहे प्रथम इकाई के शिविर में पर्यावरण संरक्षण दिवस आयोजित कर प्लास्टिक उन्मूलन के लिए जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव ने किया। स्वयंसेवियों ने नरऊ बुजुर्ग ग्राम के लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से परिचय कराया। द्वितीय ईकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजधारी यादव ने रसूलपुर में रैली निकाल पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। डॉ प्रेमचंद ने प्लास्टिक उन्मूलन एवं उसके दुष्प्रभावों से परिचित कराया तथा प्लास्टिक से होने वाले विभिन्न रोगों के प्रति जागरूक किया। दोनों इकाइयों के वालंटियर्स ने अपने अपने गोद लिए गावों के ग्रामीणों के साथ शपथ ली कि वह आज से प्लास्टिक थैलियों का प्रयोग नहीं करेंगे इसके स्थान पर कपड़े से बने बैग का प्रयोग करेंगे।

डॉ बबिता यादव के नेतृत्व में पड़ौआ ग्राम मे चल रहे तृतीय इकाई के शिविर में पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता योगेन्द्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार यादव ,सोनू पासवान ने पौधारोपण किया। मुख्य वक्ता डॉ सरिता यादव ने पौधारोपण अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी ने संगोष्ठी का संचालन किया।

इस अवसर पर योगिता यादव, शिवांगी कश्यप, अनूप सिंह, आयुष, हर्षित, दीपांशु अनुज प्रताप सिंह, सगुन शर्मा, उपासना , चेतना, प्रियंका, राजलक्ष्मी, राजश्री इशराक अहमद, निखिल सिंह आदि उपस्थित रहे।




# शिविर के चौथे दिन मनाया लोकतन्त्र सशक्तिकरण दिवस

दिनांक 26.02.2024

राजकीय महाविद्यालय आवास विकास बदायूं के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वामी विवेकानंद इकाई के ग्राम नरऊ बुर्जुग में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन लोकतंत्र सशक्तिकरण दिवस मनाया गया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

बौद्धिक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि एनएसएस के जिला नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि जिस दिन मतदान का प्रतिशत शत प्रतिशत हो जाएगा उस दिन भारत में वास्तविक लोकतंत्र स्थापित हो जाएगा। दो जायसवाल ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार और कर्तव्य दोनों है जिसके प्रति उदासीनता लोकतंत्र को कमजोर करता है। विशिष्ट अतिथि डॉ दिलीप वर्मा एवम डॉ गौरव कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी का संचालन अनूप सिंह यादव ने किया।

इस अवसर पर इस अवसर पर हर्षित कुमार, नन्ही, अनामिका सक्सेना, अंजलि,सृष्टि भारती, उपासना श्रीवास्तव, पवन कुमार, राजश्री, राजलक्ष्मी,चेतना, प्रियंका आदि उपस्थित रहे।



# एनएसएस शिविर के पाँचवें दिन भ्रष्टाचार उन्मूलन दिवस आयोजित

दिनांक 27.02.2024

राजकीय महाविद्यालय आवास विकास में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई का ग्राम नरऊ बुर्जुग में चल रहे विशेष शिविर के पाँचवें दिन भ्रष्टाचार उन्मूलन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव के नेतृत्व में छात्राओं ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनजागरूकता रैली निकाल कर ग्रामवासियों को जागरूक किया। मुख्य अतिथि दमयंती राज आनंद राजकीय महाविद्यालय बिसौली की राजनीति विज्ञान की प्रोफेसर डॉ सीमा रानी ने कहा कि भ्रष्टाचार करना और सहना दोनों ही कायरता और अन्याय है। भ्रष्टाचार को लेकर स्वयंसेविकाओं ने ग्राम के चौराहों पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। संचालन योगिता यादव ने किया।

बौद्धिक सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार करने वाला व्यक्ति धनलोलुप व मानसिक विकार से ग्रस्त होता है उसे मानसिक परामर्श की आवश्यकता है। डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए विद्यार्थियों को आगे आना होगा।

इस अवसर पर अनूप सिंह , राजा शर्मा ,सुमित सागर, अर्पित कुमार, विनीत कुमार, राजीव कुमार, आयुष ,उपासना, चेतना ,नैना, अंबिका, अस्मिता, पलक ,प्रियंका गुप्ता, शिवांगी कश्यप, सुषमा, राजश्री , राजलक्ष्मी , दीपांशु आदि उपस्थित थे।



# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर पीपीटी प्रेजेंटेशन एवम पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

दिनांक 28.02.2024

राजकीय महाविद्यालय आवास विकास बदायूं में जंतु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी श्वेतांक पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन एवं पोस्टर प्रतियोगिता भी संपन्न हुई। "विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी" विषय पर छात्र छात्राओं ने पीपीटी के माध्यम से नवीनतम स्वदेशी आविष्कारों के विषय पर विमर्श किया। पोस्टर प्रतियोगिता में बीएससी पंचम सेमेस्टर की प्राची मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर बीएससी तृतीय सेमेस्टर की मुस्कान राणा रहीं। तीसरा स्थान पर बीएससी पंचम सेमेस्टर के सत्यम दीक्षित ने प्राप्त किया। पीपीटी प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में बीएससी पंचम सेमेस्टर की तान्या सक्सेना प्रथम विजेता रही। दूसरे स्थान पर सुहानी गुप्ता तथा तीसरे स्थान पर आकाश कुमार रहे । निर्णायक की भूमिका डॉ नीरज कुमार , डॉ राकेश कुमार जयसवाल व डॉ सचिन राघव ने निभाई।

मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी श्वेतांक पाण्डेय ने छात्र–छात्राओं को नवीनतम शोध अनुसंधानों के माध्यम से विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की संयोजक वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ सरिता ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उद्देश्य एवं सार्थकता पर प्रकाश डाला। सहसंयोजक एवं जंतु विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ गौरव कुमार ने छात्र–छात्राओं को नवीनतम तकनीकियों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने तथा संचालन डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया।



# <u>एनएसएस शिविर के छठे दिन विधिक साक्षरता दिवस आयोजित</u>

दिनांक 28.02.2024

राजकीय महाविद्यालय आवास विकास में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई का ग्राम नरऊ बुर्जुग में चल रहे विशेष शिविर के छठे दिन विधिक साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में स्वयंसेवियो ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव के नेतृत्व में ने नशा मुक्ति के लिए जनजागरूकता रैली निकाल कर ग्राम वासियों को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए जागरूक किया। बौद्धिक सत्र के मुख्य अतिथि एडीजीसी प्रदीप भारती ने कहा कि भारत में विधि का शासन है और प्रत्येक जन को नागरिकों के हितों को सरंक्षण प्रदान करने वाले के कानून से परिचित होना चाहिए। उन्होंने विभिन्न प्रकार नूतन कानून से छात्र छात्राओं को परिचित कराया।

इतिहास के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संजय कुमार ने ग्राम वासियों और युवा पीढ़ी को नशा से मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर डॉ हुकुम सिंह, डॉ नीरज कुमार, डॉ सारिका शर्मा, डॉ ज्योति विश्नोई, डॉ सचिन राघव , राजा शर्मा , अनूप सिंह, अर्पित कुमार, विनीत कुमार, राजीव कुमार, आयुष , पवन कुमार, उपासना, चेतना तिवारी , नैना, अंबिका, अस्मिता सागर , पलक गुप्ता , प्रियंका गुप्ता, सुषमा, राजश्री , राजलक्ष्मी , दीपांशु आदि उपस्थित थे।*राजकीय महाविद्यालय आवास विकास में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई का ग्राम नरऊ बुर्जुग में चल रहे विशेष शिविर के छठे दिन विधिक साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में स्वयंसेवियो ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव के नेतृत्व में ने नशा मुक्ति के लिए जनजागरूकता रैली निकाल कर ग्रामवासियों को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए जागरूक किया।

इस अवसर पर डॉ हुकुम सिंह, डॉ नीरज कुमार, डॉ सारिका शर्मा, डॉ ज्योति विश्नोई, डॉ सचिन राघव , राजा शर्मा , अनूप सिंह, अर्पित कुमार, विनीत कुमार, राजीव कुमार, आयुष , पवन कुमार, उपासना, चेतना तिवारी , नैना, अंबिका, अस्मिता सागर , पलक गुप्ता , प्रियंका गुप्ता, सुषमा, राजश्री , राजलक्ष्मी , दीपांशु आदि उपस्थित थे।




# <u>एनएसएस के विशेष शिविर का हुआ समारोहपूर्वक समापन</u>

दिनांक 29.02.2024

राजकीय महाविद्यालय आवास विकास के एनएसएस की स्वामी विवेकानंद इकाई का ग्राम नरऊ बुर्जुग में चल रहे विशेष शिविर का समापन विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समारोह पूर्वक हुआ। मुख्य अतिथि एनसीसी के जिला प्रभारी कैप्टन डॉ संतोष कुमार सिंह ने स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समापन समारोह का शुभारम्भ किया।। "अनुशासन ही जीवन का मूल मंत्र है" विषय पर मुख्य अतिथि डॉ सन्तोष ने अपना व्याख्यान दिया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि छात्र छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्श और दर्शन के प्रति समझ विकसित करनी होगी । विशिष्ट अतिथि डॉ हुकूम सिंह, डॉ संजय

कुमार, डॉ दिलीप वर्मा , डॉ राकेश कुमार जायसवाल, डॉ नीरज कुमार, डॉ प्रेमचंद चौधरी, डॉ गौरव कुमार, डॉ सरिता आदि ने भी अपने विचार व्यक्त कर छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। तत्पश्चात ग्रामवासियों के संग सामूहिक सहभोज हुआ।

छात्र-छात्राओं ने विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंबिका शाक्य, श्वेता सागर, पलक गुप्ता ,प्रशांत, आदेश,अंशिका, कीर्ति सक्सेना, नैना ,शीतल, सोनी, आयुष गुप्ता, कुणाल, राजलक्ष्मी, राजश्री, दिपांशु गुप्ता, सेजल आदि ने सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न प्रकार के नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। योगिता यादव, उपासना, संध्या यादव ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान प्रस्तुत किया । कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव ने अभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर अस्मिता सागर, पवन कुमार, शिवांगी, अर्पित, हर्षित, प्रियंका गुप्ता, राजलक्ष्मी, राजश्री , चेतना तिवारी ,प्रीति , खुशबू माहेश्वरी, वर्षा, नीलम आदि उपस्थित रहे।



# वित्तीय साक्षरता के लिए एनएसएस का शिविर आयोजित

दिनांक 01.03.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वामी विवेकानंद इकाई का एक दिवसीय शिविर आयोजित हुआ। शिविर में छात्र-छात्राओं को वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक किया गया।

मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के प्रबंधक पी पी सिन्हा ने रिजर्व बैंक आफ इंडिया के नियम निर्देशों से सभी को अवगत कराया। सिन्हा ने ऑनलाइन बैंकिंग की सुगमता और सहजता पर प्रकाश डाला। बैंक अकाउंट हैकिंग से बचने के लिए उपाय बताते हुए उन्होंने कहा कि बैंक कभी भी किसी प्रकार का लिंक नहीं भेजता है ना ही ओटीपी मांगता है। अतः बैंकिंग में साइबर क्राइम से बचने के लिए आवांछनीय लिंक और ओटीपी से सतर्कता बरतें। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता और संचालन डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया । कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया इस अवसर पर डॉ नीरज कुमार, डॉ ज्योति बिश्नोई, डॉ संजय कुमार , डॉ हुकुम सिंह, डॉ सरिता, विकास कुमार , राजा शर्मा, पारुल तोमर, शिवांगी कश्यप, सुमित सागर , कीर्ति सक्सेना, आयुष आदि उपस्थित रहे।



# राजकीय महाविद्यालय का अष्टदश वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह सम्पन्न

दिनांक 02.03.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में सत्र 2022-23 एवम 2023 - 24 का प्रतिभा अलंकरण समारोह एवं अष्टदश वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सरस्वती वंदना सेजल मिश्रा ने प्रस्तुत किया। भूमि मिश्रा की टोली ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। कुलगीत सेजल ने गाया।

महाविद्यालय की वर्ष भर की उपलब्धियों की आख्या डॉ अनिल कुमार ने सबके समक्ष रखा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छाया और रोहित गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रिचा शर्मा ने भरतनाट्यम एवं मानसी और नव्या ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया। नीतू और प्रियंका पाल की जोड़ी ने राधा कृष्ण के नृत्य नाटिका का मंचन किया। शराब, भ्रष्टाचार , अशिक्षा आदि से मुक्ति के लिए कई नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। विपिन कुमार,निखिल सिंह, रजत, शिवम, मयंक , पवन, उपासना के नाटक भी सराहे गए। मंच संचालन डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया।

प्रतिभा अलंकरण समारोह में सत्र 2022- 23 के वार्षिक खेल प्रतियोगिता के छात्र वर्ग के चैंपियन राम लखन प्रताप एवं छात्रा चैंपियन तुलसी कुमारी को तथा वर्तमान सत्र के छात्र चैम्पियन विपिन एवं छात्रा चैम्पियन शीलम को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।अंतर संकाय क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीम के समस्त खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक परिषद की ओर से आयोजित युवा महोत्सव में संपन्न हुए मेहदी,गायन,भाषण,एकल अभिनय,पाक कला,कार्ड मेकिंग,पोस्टर,रंगोली आदि समस्त प्रतियोगिताओं के प्रथम द्वितीय तृतीय विजेता को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। सत्र 2021- 22 के विश्वविद्यालय परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले टॉपर्स भी सम्मानित किए गए, जिसमें स्नातक कला संकाय में शिवम गुर्जर, बीएससी मैथ में अपर्णा , बीएससी बायो में प्रियंका तथा बीकॉम में ईशान मोहन को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ओवर ऑल स्नातक टॉपर अपर्णा अलग से सम्मानित की गई। एम ए उर्दू के टॉपर सबा शादाब, इतिहास की टॉपर मोहिनी माहेश्वरी, राजनीति विज्ञान में अजय कुमार कश्यप समाजशास्त्र में रुचि ,अंग्रेजी में शिवानी शर्मा एवं एम काम में स्वालेहा हबीब को टॉपर के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।ओवर ऑल स्नातकोत्तर टॉपर सबा शादाब को विशेष पुरस्कार दिया गया। एनसीसी के बेस्ट कैडेट के रूप में सीनियर अंडर ऑफिसर शिवम पाल , अंडर ऑफिसर पायल जादौन एवं पिछले सत्र के बेस्ट कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर प्रदीप कुमार एवं अंडर ऑफिसर रूपल मान को भी सम्मानित किया गया। समारोह के सह संयोजक डॉ हुकुम सिंह ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ सतीश सिंह यादव, डॉ संजीव राठौर, डॉ बबिता यादव, शशी प्रभा, डॉ नीरज कुमार, डॉ संजय कुमार , डॉ दिलीप वर्मा, डॉ गौरव सिंह, डॉ प्रेमचंद चौधरी, डॉ ज्योति बिश्नोई, डॉ सरिता यादव, डॉ राजधारी यादव , संजीव शाक्य, प्रमोद शर्मा , कदीर अहमद, सुमित यादव, पूर्व छात्र इरफान फारूकी, प्रिन्स सक्सेना सहित एनसीसी के समस्त कैडेट एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों ने सहयोग प्रदान किया।




राजकीय महाविद्यालय, बदायूँ
उद्गार
अष्टदश वार्षिकोत्सव
उद्गार
अलंकरण समारोह
- 2023 एवं 2023-24
स्मिता जैन
विशिष्ट अतिथि-
श्री श्वेतांक पाण्डेय


राजकीय महाविद्यालय, बदायूँ
उद्गार
अष्टदश वार्षिकोत्सव
उद्गार
प्रतिभा अलंकरण समारोह
सत्र - 2022 - 2023 एवं 2023-24
मुख्य अतिथि:-
उच्च शिक्षा अधिकारी
अध्यक्षता:- डॉ. स्मिता जैन प्राचार्य-राजकीय महिला महाविद्यालय, बदायूँ
संयोजक
विशिष्ट अतिथि:-
श्री श्वेतांक पाण्डेय
जिला विकास अधिकारी
बदायूँ



# राजकीय महाविद्यालय में 339 विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन वितरित

दिनांक 05.03.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में बीए पंचम सेमेस्टर के कुल 339 छात्र छात्राओं को समारोह आयोजित कर स्मार्ट फोन वितरित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक एवं पूर्व नगर विकास राज्य मंत्री महेश चंद्र गुप्ता रहे।अध्यक्षता प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता तथा संचालन राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित युवा तकनीकी सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय में बीए अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन प्रदान करने के बाद मुख्य अतिथि महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को अथाह ज्ञान के सागर से जोड़कर भारत को विश्व गुरु बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य की सोच आवाज में बदलती है, और वह आवाज पूरे ब्रह्मांड में विद्यमान रहता है।अच्छी सोच से व्यक्ति अच्छा कार्य कर स्वयं का विकास करते हुए राष्ट्र का विकास करता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्या डॉ श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी स्मार्ट फोन का उपयोग अपने कैरियर को उच्चतम स्तर पर ले जाने के लिए करें तथा इसका दुरुपयोग ना होने पाए इसका ध्यान रखें।

डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने शासन की योजना और टेबलेट /स्मार्ट फोन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ज्ञान देने से ज्ञान बढ़ता है।उन्होंने कहा कि छात्र छात्राएं इन्टरनेट के माध्यम से प्राप्त ज्ञान को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

समारोह का उद्घाटन मां सरस्वती एवं केस्वामी विवेकानन्द के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के द्वारा हुआ। मुख्य अतिथि का स्वागत इतिहास के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संजय कुमार एवम गणित के विभागाध्यक्ष डॉ नीरज कुमार ने बैज अलंकरण व माल्यार्पण के द्वारा किया।

इस अवसर पर डॉ हुकूम सिंह, डॉ गौरव सिंह, डॉ दिलीप वर्मा , डॉ सरिता यादव, डॉ प्रेमचन्द चौधरी, डॉ सारिका शर्मा, संजीव शाक्य, प्रमोद शर्मा, गौरव पाली , पायल जादौन , शिवम पाल, अनुज प्रताप सिंह, रिंकू कश्यप , बंटी सागर आदि ने सहयोग प्रदान किया।




# बीएससी और बीकॉम के 217 विद्यार्थियों को मिला स्मार्ट फोन

दिनांक 06.03.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत स्मार्ट फोन वितरण समारोह के दूसरे दिन बीएससी और बीकॉम पंचम सेमेस्टर के कुल 217 छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन प्रदान गया।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने बताया कि स्नातक पंचम सेमेस्टर के संस्थागत छात्र छात्राओं के लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कुल 556 स्मार्ट फोन प्राप्त हुए थे जिसमे कल बीए के 339 छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन दिया गया था। आज दूसरे दिन बीएससी के 117 और बीकॉम के 95 छात्र छात्राओं को प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता तथा महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा स्मार्ट फोन वितरित किए गए।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त स्मार्ट फोन को वितरित करने के बाद प्राचार्या डॉ श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में स्मार्टफोन प्रत्येक व्यक्ति का के लिए एक आवश्यक आवश्यकता बन चुकी है। खासतौर से अध्ययन अध्यापन के क्षेत्र में इसकी उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता। डॉ गुप्ता ने कहा कि युवा वर्ग इसका दुरुपयोग भी करता है, किंतु मुझे पूर्ण विश्वास है कि छात्र–छात्राएं बहुत ही समझदारी के साथ सकारात्मक रूप ज्ञानवर्धन के लिए इसका उपयोग करेंगे।

वितरण कार्यक्रम में प्रत्येक लाभार्थी का स्मार्टफोन प्राप्त करते हुए उसकी फोटोग्राफी कर उत्तर प्रदेश सरकार के डीजी शक्ति पोर्टल पर अपलोड किया गया। इस कार्य को सकुशल संपन्न कराने में डॉ नीरज कुमार, डॉ गौरव सिंह, डॉ दिलीप वर्मा , डॉ सरिता यादव, डॉ सारिका शर्मा, डॉ संजय कुमार , गौरव पाली आदि ने सहयोग प्रदान किया।



# <u>रोवर रेंजर शिविर का समापन, बेस्ट रोवर बने आशीष, सृष्टि बनी बेस्ट रेन्जर</u>

दिनांक 14.03.2024

आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में चल रहे तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का आज समारोहपूर्वक समापन हो गया। समापन समारोह के पूर्व रोवर रेंजर की प्रत्येक टोलियों ने टेंट,टावर, गेट, झांकी आदि का प्रदर्शन कर बिना बर्तन के भोजन बना कर सबको परोसा साथ ही प्रत्येक टोली की ओर से मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि भारतीय स्काउट गाइड संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश चंद्र सक्सेना एडवोकेट ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने किया तथा संचालन डॉ प्रेमचन्द ने किया।

मुख्य अतिथि सक्सेना ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी सहज भाव से समाजसेवा करते हुए जीवन यापन करना रोवर रेन्जर की विशेषता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा,समाज की सेवा और मनुष्य की सेवा ही ईश्वर सेवा है। सभी टोलियों के टेन्ट का निरीक्षण करने के बाद मुख्य अतिथि ने विजेता टोलियों की घोषणा की, जिसमें रोवर्स में प्रथम स्थान श्री राम टोली को प्राप्त हुआ। दूसरे स्थान चंद्रशेखर आजाद टोली रही। तीसरे स्थान पर अम्बेडकर टोली रही। वही रेंजर्स में कस्तूरबा गांधी टोली को प्रथम विजेता बनने का गौरव हासिल हुआ। दूसरे स्थान पर ऋतु करिधान टोली रही, जबकि तीसरा स्थान लक्ष्मीबाई टोली को मिला।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में अनुशासन में रहते हुए सर्वाधिक उत्कृष्ट कार्य करने वाले रोवर्स रेंजर्स को सर्वश्रेष्ठ घोषित कर पुरस्कृत किया गया। बेस्ट रोवर आशीष कुमार और बेस्ट रेंजर सृष्टि शर्मा का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया। रोवर लीडर डॉ नीरज कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ श्रद्धा गुप्ता ने मुख्य अतिथि महेश चन्द्र सक्सेना एवम प्रशिक्षक असरार अहमद को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

निर्णायक की भूमिका का निर्वहन डॉ सतीश सिंह यादव, डॉ गौरव कुमार,डॉ बबिता यादव एवम डॉ सारिका शर्मा एवं डॉ सरिता ने किया।

इस अवसर पर रेंजर लीडर शशी प्रभा, डॉ हुकूम सिंह, डॉ सचिन कुमार , डॉ ज्योति विश्नोई आदि सभी प्राध्यापक गण तथा छात्र–छात्रा उपस्थित रहे।







